(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

पूजा हेगड ने रेड स्पोर्ट्स...8



सोमवार, 10 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 22 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## ओमप्रकाश राजभर से नहीं हो रहा भाजपा का मोह भंग, अब भी पाले में लाने की कोशिशें जारी

उत्तर प्रदेश में चुनावी तारीखों का ऐलान हो चुका है। इसके साथ ही मान–मनौव्वल का भी दौर शुरू हो गया है। सभी दल अपने गठबंधन को भी मजबूत करने की कोशिश में है। इसी कड़ी में भाजपा एक बार फिर से ओमप्रकाश राजभर को अपने पाले में करने की कोशिश लगातार कर रही है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता दयाशंकर सिंह और ओमप्रकाश राजभर के बीच काफी बातचीत चल रही है। हाल में ही शनिवार को भी दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई है। माना जा रहा है कि भाजपा हर हाल में ओमप्रकाश राजभर को अपने खेमे में वापस लाना चाहती है। यही कारण है कि दयाशंकर सिंह बार–बार ओमप्रकाश राजभर से मुलाकात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक के पिछले 1 महीने में दोनों नेताओं के तीन बार मुलाकात हो चुकी है। ओमप्रकाश राजभर की ओर से लगातार भाजपा में लौटने की खबरों को खारिज की जा रही है। दयाशंकर सिंह से मुलाकात को लेकर ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरुण राजभर ने दावा किया कि वह अपने लिए गठबंधन में सीट पक्की करने आए थे। इसके साथ ही राजभर के बेटे ने यह भी कहा कि दयाशंकर सिंह सुभासपा यानी कि राजभर की पार्टी से चुनाव लड़ना चाहते है।



दूसरी ओर सूत्र यह बता रहे हैं कि भले ही ओमप्रकाश राजभर की ओर से कुछ भी कहा जाए लेकिन यह बात सच है कि भाजपा अब भी उन्हें मनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि ऐसा लग रहा है कि पेंच अब सीटों को लेकर ज्यादा फंस सकता है। ओमप्रकाश राजभर लगातार भाजपा को इस बात का एहसास दिला रहे हैं कि अखिलेश यादव उन्हें 2 दर्जन से भी ज्यादा सीटें दे रहे हैं। आपको बता दें कि 2017 के विधानसभा चुनाव में ओमप्रकाश राजभर भाजपा के साथ चुनावी मैदान में उतरे थे। पूर्वांचल में राजभर की अच्छी पकड़ है। ओमप्रकाश राजभर को योगी सरकार में मंत्री भी बनाया गया था। माना जा रहा है कि ओमप्रकाश राजभर की नाराजगी की वजह से पूर्वांचल में भाजपा को बहुत बड़ा नुकसान भी हो सकता है।

यही कारण है कि पार्टी अब भी उन्हें अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही अगर ओमप्रकाश राजभर चुनाव से पहले भाजपा के साथ आते हैं तो कहीं ना कहीं अखिलेश यादव पर पार्टी एक मनोवैज्ञानिक बढ़त जरूर बना लेगी।

## संजय राउत बोले, गोवा चुनाव में टीएमसी के आने से भाजपा को होगा फायदा

मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने गोवा विधानसभा चुनाव से पहले 'कांग्रेस विरोधी' रुख अख्तियार करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को आड़े हाथों लेते हुए रविवार को दावा किया कि तटीय राज्य में ममता बनर्जी नीत पार्टी की मौजूदगी से सबसे ज्यादा लाभ भाजपा को होगा। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में अपने साप्ताहिक स्तंभ 'रोखठोक' में राउत ने कहा कि टीएमसी कांग्रेस समेत अन्य दलों से 'अविश्वनसीय नेताओं' को शामिल कर रही है और ऐसा रवैया भाजपा से लड़ने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी को शोभा नहीं देता। उन्होंने दावा किया कि टीएमसी गोवा विधानसभा चुनावों के लिए अत्यधिक खर्च कर रही है और कई लोग कहते हैं कि पार्टी की ओर से खर्च किए गए धन का स्रोत कहीं और है। गोवा की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए राउत ने कहा कि सभी दलों ने राज्य को राजनीतिक प्रयोगशाला बना दिया है भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को घोषणा की कि गोवा में सभी 40 विधानसभा सीटों पर 14 फरवरी को चुनाव होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी), महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी), आम आदमी पार्टी (आप), टीएमसी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) चुनाव मैदान में हैं। राउत ने दावा किया, " टीएमसी की गोवा में मौजूदगी से भाजपा को सबसे ज्यादा लाभ होगा।"



राज्यसभा सदस्य ने कहा कि बनर्जी अन्य दलों के 'अविश्वसनीय नेताओं" को अपने दल में शामिल करा रही हैं। यह उनकी छवि के अनुकूल नहीं है। राउत ने कहा, "अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का उद्देश्य कांग्रेस के अस्तित्व का सफाया करना है तो यह समझ में आता है, लेकिन बनर्जी का भी यही उद्देश्य है, तो यह उनकी छवि के अनुकूल नहीं है।" उन्होंने कहा कि गोवा के पिछले विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने 17 सीटें जीतीं थी और सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी और अब यह केवल दो सीटों पर सिमट गई है। राउत ने कहा कि इसकी वजह गोवा में कांग्रेस के पास मजबूत नेतृत्व नहीं होना है। उन्होंने दावा किया कि गोवा का चुनाव जीतना भाजपा के लिए आसान नहीं है, लेकिन आप और टीएमसी जैसे दल भाजपा की मदद करने के लिए कांग्रेस की राह में रोड़े अटका रहे हैं।

## समाजवादी पार्टी ने निर्वाचन आयोग से ACS गृह समेत कई अधिकारियों को पद से हटाने की मांग की



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष चुनाव के लिए राज्घ्य में तैनात अपर मुख्घ्य सचिव (गृह) समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को उनके वर्तमान पदों से तत्काल हटाने की मांग की है। सपा ने राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद मुख्घ्य निर्वाचन आयुक्घ्त को पत्र लिखकर अधिकारियों को उनके वर्तमान पदों से हटाने की मांग की है। सपा के राष्ट्रीय सचिव और मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी की ओर से जारी पत्रक के मुताबिक पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी के कथित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले अधिकारियों को उनके वर्तमान पद से तत्काल हटाया जाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया, '' शासन में अपर मुख्घ्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्घ्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल, प्रशांत कुमार अपर पुलिस महानिदेशक (कानून–व्यवस्था) तथा अपर पुलिस महानिदेशक (एसटीएफ)अमिताभ यश भाजपा सरकार के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं और इन सभी को तत्काल प्रभाव से हटाए बगैर प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, प्रभाव मुक्त चुनाव संभव नहीं है।''

## यूपी विधानसभा चुनाव : प्रत्याशियों के चयन को लेकर भाजपा की अहम बैठक आज




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रत्याशियों के चयन को लेकर अहम बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में पहले चरण के चुनाव वाली विधानसभा सीटों के लिये प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम दौर की चर्चा के साथ ही चुनाव अभियान संबंधी अन्य अहम विषयों पर विचार विमर्श होगा। सोमवार को होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा डॉ. दिनेश शर्मा के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह और चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान एवं उप प्रभारी अनुराग ठाकुर सहित अन्य वरष्ठि नेता भाग लेंगे। बैठक में संभावित उम्मीदवारों के जिन नामों को तय किया जाएगा, उन्हें अंतिम मंजूरी के लिए भाजपा की केन्द्रीय इकाई के समक्ष भेज दिया जाएगा। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 10 फरवरी को 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान होगा।




## देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच पीएम मोदी की बैठक, मौजूदा स्थिति से निपटने पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड–19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर रविवार शाम एक उच्च स्तरीय बैठक में वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से हुई इस बैठक में कोविड–19 की ताजा स्थिति की समीक्षा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक कोविड–19 के नये स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमण के 552 नए मामले सामने आने के बाद रविवार को देश इससे संक्रमित मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 3,623 हो गई है। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,59,632 नए मामले सामने आए, जो पिछले 224 दिन में सामने आए सर्वाधिक दैनिक मामले हैं। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 5,90,611 हो गई है, जो करीब 197 दिन में सर्वाधिक है। देश में पिछले 24 घंटे में 327 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,83,790 हो गई है। ओमीक्रोन के 3,623 मामलों में से 1,409 लोग या तो देश से बाहर चले गए हैं या स्वस्थ हो गए हैं। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन के सर्वाधिक 1,009 मामले सामने आए। इसके बाद दिल्ली में 513, कर्नाटक में 441, राजस्थान में 373, केरल में 333 और गुजरात में 204 मामले सामने आए। देश में इससे पहले पिछले साल 29 मई को संक्रमण के 1,65,553 मामले सामने आए थे।



## केजरीवाल का ऐलान, दिल्ली में लश्वकडाउन लागू करने की फिलहाल कोई योजना नहीं

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि लॉकडाउन लागू करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है और यदि लोग मास्क पहनने के नियम का पालन करते हैं, तो लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रविवार को 24 घंटे में कोविड–19 के 22 हजार मामले दर्ज होने की आशंका है। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने की अपील की। केजरीवाल ने डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा, कोविड–19 मामलों का बढ़ना चिंता की बात है, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है। बहुत कम लोग अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। मास्क पहनना बहुत महत्वपूर्ण है। यदि आप मास्क पहनना जारी रखेंगे, तो लॉकडाउन नहीं लगेगा। फिलहाल लॉकडाउन लागू करने की कोई योजना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उपराज्यपाल अनिल बैजल और केंद्र के साथ मिलकर कोविड की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। केजरीवाल ने कहा, हमारा प्रयास न्यूनतम पाबंदियां लगाने का है ताकि आजीविका प्रभावित न हो।

## सुधांशु त्रिवेदी का तंज, सात समंदर पार से आ रही समाजवादी इत्र की दुर्गंध

लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा)के प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ''समाजवादी इत्र की 'दुर्गंध' सात समंदर पार से आ रही है।'' भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान त्रिवेदी ने जांच की जद में आए इत्र कारोबारी के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर दिखाते हुए कहा, ''सपा के इत्र की दुर्गंध सात समंदर पार से महसूस और दिखाई दे रही है।'' कानपुर और कन्नौज में इत्र कारोबारी पीयूष जैन के यहां आयकर छापे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, '' भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ जब प्रभावी कार्यवाही की जा रही थी तभी एक तथ्य सामने आया कि अखिलेश जी अपने मुख्यमंत्रित्व काल में ऐसे लोगों के साथ देश–देशांतर तक सानिध्घ्य लाभ ले रहे थे।'' उन्होंने 24 मई, 2015 (तब अखिलेश यादव उप्र के मुख्घ्यमंत्रीथे) के ट्वीट की चर्चा करते हुए दावा किया कि फ्रांस के दौरे की अखिलेश यादव की तस्वीर में इत्र कारोबारी भी हैं, लेकिन अब वह टघ्वीट हटा दिया गया है।



त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव की घोषणा होते ही अखिलेश यादव को परिणाम पता चल गया, तभी वे बोल रहे हैं कि डिजिटल माध्यम में भाजपा भारी है। उनके बयान से तय है कि वे अपनी हार मान चुके हैं। भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि सपा अपनी जमीन बचाने को, बसपा अपनी इज्जत बचाने को, कांग्रेस अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को और औवैसी जैसी पार्टियां सिर्फ आग लगाने के लिए चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन के दौरान मुलायम सिंह यादव सरकार में कोठारी बंधुओं के सिर में कथित गोली मारे जाने की घटना की याद दिलाते हुए कहा, ''मैं अखिलेश को याद दिलाना चाहता हूं कि यह दुर्दांत कार्य जो इन लोगों ने किया था उसे देश और प्रदेश में कोई भी भूल नहीं सकता।

## निर्वाचन आयोग चुनावों को धार्मिक रंग देकर राजनीति करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए: मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के एक दिन बाद रविवार को निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया कि वह ''चुनावों को धार्मिक रंग देकर स्वार्थ की संकीर्ण राजनीति'' करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। बसपा प्रमुख ने रविवार को मीडिया से कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में चुनाव के मद्देनजर यह बहुत जरूरी है कि निर्वाचन आयोग आदर्श आचार संहिता को पूरी सख्ती से लागू कराने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि आमजन में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के संबंध में विश्वास कायम हो सके। उन्होंने आरोप लगाया, ''पिछले कुछ वर्षों में चुनावों के दौरान हर प्रकार की धांधली करने तथा सत्घ्ता एवं धर्म का चुनावी लाभ लेने के लिए अनुचित काम करने की प्रवृत्ति काफी घातक रूप में बढ़ी है। मायावती ने कहा कि यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ चुनावों में कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच भी जिस प्रकार से रैलियों एवं रोड शो आदि के जरिये आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया गया है, उससे पूरा देश हैरत में है। इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों से चुनावों को धार्मिक रंग देकर जिस प्रकार से स्वार्थ की संकीर्ण राजनीति की जा रही है, उस पर भी चुनाव आयोग को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश में चार बार मुख्यमंत्री रह चुकीं मायावती ने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था को बेहतर करार देते हुए राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनपा पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण राज्य में ''अपराधियों का जंगलराज'' है और हर जाति एवं वर्ग के लोग दुखी हैं। उन्ध्होंने कहा, ''इस चुनाव में भाजपा सत्घ्ता से बाहर हो जाएगी, बशर्ते सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग तथा वोटिंग मशीन के साथ कुछ गड़बड़ी नहीं की जाए।'' मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) का नाम लिए बिना कहा, ''प्रदेश में एक पार्टी ऐसी भी है जो दूसरे दलों से निकाले गए लोगों और कुछ दलों के साथ गठबंधन कर 403 में से 400 सीट जीतने का सपना देख रही है, लेकिन उसका सपना 10 मार्च को हवा हवाई होने वाला है। यही स्थिति भाजपा एवं अन्य दलों की होगी और बसपा ही लोकप्रिय सरकार बना सकती है।'' उन्होंने भरोसा दिलाया कि बसपा आदर्श आचार संहिता का पूरी ईमानदारी से पालन करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने आयोग से अनुरोध किया कि चुनाव में किसी को किसी भी प्रकार की बाधा पैदा करने की इजाजत नहीं दी जाए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि मतदाता, खासकर दलित एवं अन्य कमजोर वर्गों के लोग वहां अपना वोट डाल सकें। मायावती ने बताया कि उन्होंने उम्मीदवारों के चयन के लिए लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रमुख बसपा नेताओं की बैठक बुलाई है। उन्होंने उत्तराखंड में पहले से बेहतर प्रदर्शन करने और पंजाब में शिरोमणिअकाली दल के साथ अपने गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का भी दावा किया। मायावती ने कहा कि चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कराने वाली एजेंसियां भले ही बसपा को दौड़ से बाहर दिखाती रहें लेकिन जनता उनकी पार्टी को बहुमत देगी।



# दो राजनीतिक घरानों के बीच राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता में सड़क पर निकाल रहे खीज जनता परेशान

गोंडा। दो राजनीतिक घरानों के बीच राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता का खामियाजा हजारों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। दो राजनीतिक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी नेताओ के आवासों के बीच मात्र दो किलोमीटर की सड़क में एक किलोमीटर सड़क पूरी तरह बर्बाद है और सरयू रेलवे स्टेशन तक आने जाने के लिए लोगों को कीचड़ युक्त गड्ढे वाली सड़क पर चलकर स्टेशन पहुंचना पड़ता है। इसके अलावा इसी रोड पर गन्ना तोल कांटा भी लगा हुआ है। जहां तक आने–जाने के लिए वाहनों को लंबी दूरी का सफर तय करके कांटे तक पहुंचना पड़ता है।

जिस तरह दो राजनीतिक घराने पूर्व राज्यमंत्री योगेश प्रताप सिंह एवं वर्तमान विधायक अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया करीब चार दशक से अधिक समय से प्रतिद्वंदी हैं और दोनों राजनैतिक कद्दावर नेताओं के आवास के बीच में मात्र दो किलोमीटर का रास्ता है। जो सरयू रेलवे स्टेशन के पीछे से होकर एक दूसरे को मिलाता है। यह रास्ता पूरी तरह बर्बाद है और आजादी के बाद से आज तक इस मार्ग पर एक किलोमीटर का मार्ग तो पक्की सड़क के रूप में नही हो सकी है। एक किलोमीटर पूरी तरह गड्ढा युक्त है जहां आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। सरयू स्टेशन तक आने–जाने के साथ–साथ बरगदी चौराहे से भँभुआ चौराहे के बीच आने जाने वाले लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गन्ना तौल कांटा भी इसी मार्ग पर है लोग इधर से अपना वाहन ले जा पाते हैं। उन्हें दूर से घूम कर भभुआ तक का सफर करना पड़ता है। दोनों राजनीतिक घरानों की नजर इस सड़क पर आज तक नहीं पड़ी। जिसका खामियाजा हजारों लोगों व रेल यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। यदि यह रास्ता बन जाय तो बिना क्रासिंग के करनैलगंज से जरवल का रास्ता तय किया जा सकता है।

# सपा ने कार्यकर्ता चेतना शिविर का किया आयोजन

बहराइच ।स्थानीय रिसॉर्ट में पूर्व विधायक दिलीप वर्मा द्वारा आयोजित समाजवादी कार्यकर्ता चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सपा सरकार के पूर्व मंत्री यासर शाह व विशिष्ट अतिथि माधुरी वर्मा रही । सम्मेलन का संचालन डॉ तनवीर ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शाह ने कहा भाजपा सरकार में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार अत्यधिक बढ़ गया है। भारतीय जनता पार्टी एक निरंकुश पार्टी नजर आ रही है। जिससे आम जनता काफी परेशान है। जनता अब परिवर्तन का मूड बना चुकी है आने वाला विधानसभा चुनाव में परिवर्तन होगा उन्होंने पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व अपने परिवारिक संबंधों के बारे में भी बताया।

जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई इतनी बढ़ गई है जनता त्रस्त हो गई है पेट्रोल और गैस के दाम आसमान छू रहे है। भाजपा सरकार एक जुमलों की सरकार है । पूर्व विधायक दिलीप वर्मा ने मंच से लगभग एक दर्जन से अधिक भाजपा व अन्य पार्टियों के सक्रिय कार्यकर्ता के सपा में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के बारे में बताते हुए कहा कि नानपारा की जनता ने उन्हें हमेशा प्यार दिया है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा समाज के हर वर्ग के उत्थान एवं भलाई तथा बराबरी पर लाने का काम किया है।

इसको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिलाउपाध्यक्ष जफर उल्लाखाँ ने कहा कि भाजपा सरकार डबल इंजन की सरकार है ये जनता को मुफ्त अनाज का लालच दे रही है। लेकिन जनता अब इनके बहकावे में नही आएगी । सम्मेलन को भाजपा से सपा में शामिल हरिश्चंद्र वर्मा, के साथ नशिबुन्निशा, अब्दुल मोहिद, पप्पू यादव,अब्दुल वहीद, तारिक अंसारी, अब्दुल वहीद नईम रायनि सहित अन्य ने सम्बोधित किया । इस मौके पर अजय श्रीवास्तव, अयोध्या सोनी,, मुस्लिम,पंकज जायसवाल, जुबेर फारूकी, राकेश पाठक, घनश्याम यादव, इरशाद अहमद, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सपा अज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनने पर मिली बधाईयां

बहराइच ।जिले के विकासखंड जरवल के ग्राम सभा जोतौरा निवासी राकेश राव को समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व्यास जी गौड ने प्रदेश सचिव पद पर नामित किया। इस पद पर नामित होते ही प्रदेश संगठन के सभी पदाधिकारियों क्षेत्रीय नेताओं विपिन यादव राजेश यादव अतीक अंसारी दुर्गेश वर्मा इत्यादि लोगों ने राकेश यादव के प्रदेश सचिव बनने पर बधाई दी। मीडिया को बताते हुए अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राकेश राव ने बताया कि हम सबसे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के साथ साथ सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं कि हमें इस योग्य समझ कर मुझे प्रदेश सचिव का पद दिया ।हम उन सभी पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करूंगा।

# रासलीला में बृज की लट्ठमार होली देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु

बहराइच ।जिले की तहसील कैसरगंज के ग्राम पंचायत वैरी महेशपुर मेंअति प्राचीन बांके बिहारी मंदिर में चल रही रासलीला महोत्सव के अन्तिम दिन ब्रज की लठ्ठमार फूल होली मंचन के साथ समापन हो गया ।लीला मंचन के दौरान वृंदावन धाम से आए सभी कलाकारों ने आकर्षक भेष–भूषा में फूल होली और ब्रज की लट्ठमार होली खेली ।जिसे देख उपस्थित श्रद्धालु आनंदित हो गए। समापन अवसर पर सभी भक्तों ने राधाकृष्ण की आरती उतार लोकमंगल की कामना की। रासलीला के मंचन में कलाकारों ने प्रसंग प्रस्तुत किया कि ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण और उनके सखाओं को होली खेलने का आमंत्रण देती हैं। जिसके बाद कृष्ण अपने सखाओं के साथ होली खेलने पहुंचते हैं। जहां गोपियां सभी सखाओं और कृष्ण के साथ फूल होली खेलती हैं। इस बीच गोपियां सखाओं के संग सुंदर लट्ठमार होली भी खेलती हैं।

वहीं लीला मंचन के अंत में भगवान राधाकृष्ण पर सभी गोपियां और बाल सखा फूलों की वर्षा करते हैं। नव दिन तक चले रासलीला के आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्ति रस से सराबोर रहा। समापन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों ने राधाकृष्ण की आरती कर लोक कल्याण की मंगल कामना की ।इस मौके पर, प्रेम स्वरूप,दीपक, संदीप ,अमित, अजय कुमार ,विष्णु चंद , कृष्ण चंद्र ,प्रशांत आयुष, आशीष ,विशाल, कुंज बिहारी ,अरविंद कुमार, अनिल कुमार ,दिलीप कुमार, लालजी ,रामकुमार, विशाल ,अमन कुमार, रंगीलाल ,मनोज कुमार, रूपेश कुमार ,श्री राम सहित विवेक कुमार सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# जान बचाने की सरयू नदी में की गई मेगा मॉक ड्रिल

## डीएम के निर्देश पर राष्ट्रीय व राज्य आपदा मोचन बल का अभ्यास

अयोध्या। बाढ के दौरान होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकने व बचाव को लेकर राष्ट्रीय व राज्य आपदा मोचन बल ने सोमवार को सरयू नदी पर पूर्वाभ्यास किया।

जिला अधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर आयोजित इस मॉकड्रिल में टीम ने नाटकीय ढंग से बाढ़ के दौरान नाव से लोगों के नदी में गिरने, नालों के उफान से रास्ता बाधित होने पर सेवायें पहुंचाने, नदी में लापता होने पर उसे खोजने का प्रदर्शन किया। मेगा मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ. व आपदा प्राधिकरण सहित अन्य विभागों को सूचना मिलती हैं कि नेपाल के उपरी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण सरयू नदी व पहाडी नालों में उफान आ गया है। इस पर एनडीआरएफ के कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के दिशा–निर्देशन में एवं उप कमाण्डेंट पीएल शर्मा के मार्गदर्शन व निरीक्षक डीपी चन्द्रा के नेतृत्व में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस टीम घटनास्थल के लिए रवाना होती हैं। पुलिस प्रशासन ने एक ग्रीन कारीडार बनाया, जिससे टीम व एंबलेंस सेवा घटनास्थल पर जल्द पहुंच सके। एनडीआरएफ ने घटनास्थल पर पहुंचने ही अविलंब आपरेशन शुरू कर दिया। बाढ़ से जलमग्न गांव जमथरा में भूखे–प्यासे बच्चों व महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। तभी गुप्तार घाट पर क्षमता से अधिक यात्रियों से भरी नाव से कुछ लोग सरयू नदीं में गिर जाते हैं।

सूचना मिलते ही बचावकर्मी अपनी मोटर बोट के साथ डूबते हुए लोगों के पास पहुंचकर बचाते हैं। वहीं, घरेलू संसाधन से बनावटी राफ्ट का इस्तमाल करते हुए अपने आपको बाढ के दौरान कैसे सुरक्षित रख सकते हैं, इसका प्रदर्शन भी किया अभ्यास में एनडीआरएफ ने प्राथमिक उपचार के लिए आपरेशन कक्ष स्थापित किया। इस दौरान अपर जिला अधिकारी हेड महेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम प्रशांत कुमार एवं एनडीआरएफ के टीम कमाण्डर डीपी चन्द्रा, बसंत विश्वकर्मा व अन्य रेस्क्यूर एवं आपदा बाबू धीरेन्द्र कुमार मौजूद रहें। निरीक्षक सभाजीत यादव, तहसीलदार राजकुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक सुधांशु शेखर, रजिस्ट्रार कानूनगो, प्रशासनिक अधिकारी, अधिशाषी अभियंता बाढ आदि मौजूद रहे।

# महिलाओ बुजुर्गो,बच्चो को कपड़े बांटे गए

बहराइच। कैसरगंज के भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के जन्मदिन पर जरवल के नासिरगंज ग्राम सभा के घाघरा कटान में सैकड़ों महिलाओ बुजुर्गो,बच्चो को कपड़े बांटे गए एवं सभी का लड्डू खिलाकर मुंह भी मीठा करवाया तथा उनके द्वारा किये गए जनहित कार्यो को भी बताया गया ।उक्त कार्यक्रम के आयोजक सौरभ कसौंधन जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा ने बताया कि वह हर साल अपने नेता व गोण्डा के सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह के जन्मदिन पर गरीबो के बीच जाकर अंग वस्त्र व उनके दीर्ध आयु के लिए मंदिरों मे जाकर धार्मिक अनुष्ठान भी करवाते हैं ।इस अवसर पर सूरज सिंह मंडल उपाध्याश भाजपा युवा मोर्चा जरवल ,रवि यज्ञसेनी,हिमांशु गुप्ता ,आकाश गुप्ता आदि कस्फी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# डीसी मनरेगा से मिला ग्राम रोजगार सेवक संघ का प्रतिनिधिमंडल

अयोध्या। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डी सी मनरेगा से मुलाकात कर ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने बताया कि जनपद में ग्राम रोजगार सेवकों की ड्यूटी पूर्व चुनाव में लगाई गई थी जिसका पारिश्रमिक अभी तक नहीं मिला है। ड्यूटी मे लगे रोजगार सेवको ने ड्यूटी करने से हाथ खडा कर दिया। श्री गौड ने बताया कि आयुक्त ग्राम्य विकास बिभाग ने पत्र जारी कर पूर्व मे यह आदेश दिया है कि ग्राम रोजगार सेवको से मनरेगा के अतिरिक्त अन्य कार्य न लिए जाए। उसके बावजूद भी रोजगार सेवको से फोटोग्राफरध्वीडियोग्राफी मे लगा दिया जाता है जो शासनादेश का उल्लंघन किया जाता है और कार्य कराने के बाद भी परिश्रामिक भी नही दिया जाता है। 2019–20 व 2020–21 मे मिशन अंतोदय, ईएलओ का पारिश्रमिक भी अभी नही दिया गया है। श्रम उपायुक्त नागेन्द्र मोहनराम त्रिपाठी ने प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त किया कि आपकी मांगो का निस्तारण जल्द ही कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल मे जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड, उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार तिवारी,मीडिया प्रभारी महेश चतुर्वेदी, सुरेश कनौजिया, बब्लू प्रसाद, राजकुमार, लालजी बर्मा, आदि रोजगार सेवक मौजूद थे।

# छोटी बहू ने फरेब रच जेठ की हड़पी जमीन

मिल्कीपुर अयोध्या । इनायत नगर थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव में 97 वर्षीय वृद्ध का इलाज करवाते हुए किसान सम्मान निधि एवं वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने के नाम पर सगी छोटी बहू द्वारा खाते की भूमि बैनामा करा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी के बाद पीड़ित वृद्ध ने तहसील प्रशासन एवं जिलाधिकारी सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार की है। बुजुर्गों द्वारा मामले में शिकायत किए जाने के बाद अब उसकी जान को भी खतरा मंडराने लगा है। हालांकि तहसीलदार मिल्कीपुर की ओर से नामांतरण प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित इनायत नगर थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव अंतर्गत पूरे पाठक निवासी 97 वर्षीय रामबरन पुत्र बरसाती ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी सगी छोटी बहू सरजू देवी पत्नी समर बहादुर एवं समर बहादुर के पुत्र श्रवण कुमार अपने दोस्त सोनू कुमार के साथ उन्हें बीते 11 नवंबर 2021 को यह कहते हुए इनायतनगर धमोलिया ले जाया गया कि वहां पर बहुत अच्छे डॉक्टर हैं, तुम्हारा इलाज करवा देते हैं। जिनके झांसे में आकर बुजुर्ग इनायतनगर चला गया। इनायत नगर पहुंचने पर उपरोक्त लोगों द्वारा यह कहा गया कि तहसील चलते हैं उस काम है। पहले उसे निपटा लिया जाए। तहसील पहुंचने पर उनसे उपरोक्त लोगों ने कहा कि किसान सम्मान निधि व पेंशन बनवा लिया जाए। इसमें कोई गवाही नहीं मिल रही है, जिस पर आप को गवाह के तौर पर हस्ताक्षर बनाना है। बुजुर्ग लोगों के झांसे में आ गया और कई प्रपत्र के ऊपर हस्ताक्षर अंगूठा लगाता चला गया। बाद में पता चला कि छोटी पुत्र बधू सरजू देवी ने अपने नाम बुजुर्ग के खाते की संपूर्ण भूमि का दान पत्र लिखवा लिया है। जानकारी होते ही बुजुर्ग रामबरन के पैरों तले जमीन खिसक गई और इसकी जानकारी अपने बड़े बेटे समरजीत को दी। बीते 3 जनवरी को तहसीलदार मिल्कीपुर को भी उक्त धोखाधड़ी एवं कुचक्र की सूचना देते हुए नामांतरण प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने की मांग की। ठगी के शिकार बुजुर्ग का आरोप है कि अब उसे, उसके बहू सहित अन्य जालसाजों द्वारा जान से मार डालने की धमकी दिए जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। उसके साथ कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। मामले में वृद्ध ने तहसील एवं जिला प्रशासन से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# अपना दल एस ने सदर सीट से ठोकी सियासी दावेदारी

बहराइच ।आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी अपना दल एस के नेता इंजीनियर अविनाश साहू ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही विधानसभा बहराइच से अपना दल एस से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया है। राजकुमार पाल विधायक प्रतापगढ़ सदर के द्वारा आवेदन पत्र दिया गया ।मालूम हो कि बहराइच सदर सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार अनुपमा जयसवाल विजय हुई थी । अब यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय जनता पार्टी विनिंग कैंडिडेट सीट पर अपनी सहयोगी पार्टी को विधानसभा चुनाव लड़ने देती है या नहीं । यह आने वाला समय ही बताएगा । जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्याम कुमार मिश्रा ने बताया कि बहराइच जिले के लिए हम लोगों की लगातार एक सीट के लिए मांग आला हाईकमान से चल रही है। जिसको देखते हुए बहराइच सदर की सीट मांगी गई है ।आवेदन के समय अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव अर्जुन सिंह पटेल, ओम प्रकाश पटेल,प्रदेश सचिव बौद्धिक मंच,अखिलेश कुमार अंकित साहू,विधानसभा उपाध्यक्ष, शहजाद उपस्थित रहे।

# पीएम सुरक्षा में की गई गलतियों के विरोध में नमो नमो मोर्चा भारत के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

करनैलगंज,गोंडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब आगमन पर पंजाब सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा में की गई गलतियों के विरोध में नमो नमो मोर्चा भारत के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में पंजाब सरकार द्वारा की गई भारी चूक के संबंध में पंजाब सरकार को बर्खास्त करने के लिए कार्रवाई पर अमल करना चाहिए। जिससे भारत में किसी प्रदेश की सरकार द्वारा ऐसी चूक दोबारा ना की जाय।

# कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल के पालन के सम्बन्ध में आयोजित हुई जिला शान्ति समिति की बैठक

बहराइच। कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम के लिए शासन द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश की जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित जिला शान्ति समिति की बैठक में कोरोना संक्रमण की रोक थाम के लिए शासन द्वारा जारी ग्रेडेड रिस्पान्स के सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी प्रदान की गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बताया कि शासन के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार रात्रि कालीन कर्फ्यू रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लागू रहेगा। दुकानों, रेस्टोरेन्ट, होटल के रेस्टोरेन्ट एवं ईटिंग जाईन्ट के द्वार पर पल्स आक्सीमीटर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा सेनेटाइजर के साथ कोविड हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाय। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से मास्क नही तो सामान नहीं का अनुपालन कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। सोशल डिस्टेन्सिंग का प्रभावी पालन कराने हेतु राशन की दुकान व अन्य दुकानों पर दो गज की दूरी रखते हुए गोले बनाकर चिन्हांकन किया जाय ताकि दुकान पर उपस्थित व्यक्तियों में उचित दूरी बनी रहे।

ग्रेडेड रिस्पान्स के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया गया कि धार्मिक संस्थाओं एवं धार्मिक स्थानों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर मास्क का प्रयोग सुनिश्चित करना होगा। पुरातत्व विभाग के स्मारक, वन्य प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) एवं क्लब में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित किया जाय। स्वीमिंग पूलध्वाटर पार्क एवं जिम बन्द रहेंगे। रेस्टोरेंटध्होटल के रेस्टोरेन्टध्फूड ज्वाइट्स एवं सिनेमा हाल 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ संचालित होंगे। इनमें भी कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर स्कीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित किया जायेगा।

शादी समारोह व अन्य आयोजनों में बन्द स्थानों में एक समय में अधिकतम 100 से अनधिक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। जबकि खुले स्थानों पर एक समय में ग्राउण्ड की क्षमता के 50 प्रतिशत तक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी सेनेटाइजर का उपयोग एव कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति दी जाए। स्थानीय मण्डियों साप्ताहिक मार्केट को इस प्रकार संचालित किया जाय, जिससे यहाँ फुटकर बिक्री आदि के कारण भीड़–भाड़ न हो सके एवं नियंत्रित तरीके से कार्य हो सके।

डीएम व एस.एस.पी. ने कहा कि सभी लोग कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन करें और दूसरे लोगों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मौजूद लोगों से अपील की गयी कि सभी लोग स्वयं के साथ–साथ टीकाकरण से वंचित लोगों को प्रेरित कर वैक्सीनेशन कराने में सहयोग प्रदान करें। डीएम व एसएसपी ने कहा कि जिला प्रशासन को आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जनपदवासी पूर्व की भांति कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल तथा शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का स्वःप्रेरणा से पालन सुनिश्चित करेंगे।

बैठक के दौरान डॉ. मोहम्मद आलम सरहदी, अशोक मातनहेलिया, कल्बे अब्बास, बृजमोहन मातनहेलिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खॉ, सरदार परमिन्दर सिंह शम्मी,परशुराम कुशवाहा, विजय केडिया, निशॉ शर्मा, कुलभूषण अरोड़ा, रूमी मियॉ, दीपक सोनी दाऊजी सहित अन्य वक्ताओं द्वारा आश्वस्त किया गया कि कोविड–19 से बचाव तथा सुरक्षा हेतु शासन व प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा। कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव में जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। बैठक में अन्त में नवागंतुक एस.एस.पी. ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करने पर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी मनोज व कलेक्ट्रेट कर्मी गुलाम अली शाह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानंजय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस व न्यायिक सुभाष सिंह धामी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु पीसीएस अमन देओल, अधि.अधि. न.पा.परि. बहराइच दुर्गेश्वर त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा शमशाद अहमद एडवोकेट, अमित मित्तल, गौरी शंकर भानीरामका,अब्दुल सईद, मौलाना इनायतुल्ला कासमी सहित अन्य संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

# चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन व पुलिस सक्रिय जगह जगह लगे बैनर पोस्टर उजाड़ने का कार्य शुरू

करनैलगंज,गोंडा। चुनाव आचार संहिता लगते ही प्रशासन व पुलिस सक्रिय हो गया। जगह जगह लगे बैनर पोस्टर उजाड़ने का कार्य शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने का फरमान जारी कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी हीरालाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय, कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह, नगर चौकी प्रभारी दिवाकर मिश्रा पुलिस बल के साथ बस स्टॉप चौराहे पर पहुंचे। उधर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी अपने वाहन के साथ आ गये। प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में कर्मचारियों ने सभी दलों के नेताओं के बैनर व पोस्टर को उतरवाने लगे। यह अभियान शाम तक चलता रहा।

# अधिवक्ता समागम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बहराइच। जनपद के सम्मानित अधिवक्ता सी.एम.एस. सभागार गोमती नगर मे आयोजित अधिवक्ता समागम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में सहभागिता कर आगामी विधान सभा चुनाव में राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को समाज धर्म व राष्ट्र हित मे मतदान करने के लिए जन ... करने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। आयोजित कार्यक्रम मे केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू एवं प्रदेश कानून मंत्री बृजेश पाठक,महाअधिवक्ता उत्तर प्रदेश राघवेंद्र प्रताप सिंह , रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के राष्ट्रीय महासचिव जय कृष्ण सिन्हा मुख्य स्थाई अधिवक्ता का भाव भरा उद्बोधन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम मे संजीव श्रीवास्तव संयोजक रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अवध क्षेत्र, स्थाई अधिवक्ता भारत सरकार प्रदेश महासचिव सोमेश् वर्धन सिंह स्थाई अधिवक्ता हाई कोर्ट, समाजसेवी देवेंद्र श्रीवास्तव बाराबंकी , देवीपाटन मंडल संयोजक अनिल मिश्रा एडवोकेट व स्थाई अधिवक्ता हाई कोर्ट राजा श्रीवास्तव , समाजसेवी व वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव सहित सैकड़ो वरिष्ठ अधिवक्ता कानून विद् व संविधान विशेषज्ञों की गरिमामई उपस्थिति रही।

# थाना परिसर में हुई शांति कमेटी की बैठक

## थाने की पहली बैठक में एसडीएम व सीओ सहित इंसपेक्टर का भी रहा नया चेहरा





दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। रविवार को थाना परिसर में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव व पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चन्द्र की अगुवाई में लागू आचार संहिता, आगामी विधान सभा चुनाव व कोविड नियमों को पालन हेतु शान्ति कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें उपस्थित जनों एवं विभिन्न संगठन के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चूँकि उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित इंस्पेक्टर वेद प्रकाश श्रीवास्तव की पहली बैठक थी, इसलिये सभी का एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर मीटिंग की शुरुआत की गई।बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि सभी राजनीतिक बैनर पोस्टर हट जाएगी एवं वाल राइटिंग को भी ढका जाएगा। प्रदेश में आचार संहिता प्रभावी है, सभी को सरकार की गाइड लाइन का पालन करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने वोटर लिस्ट, मतदान स्थल, प्रस्तावित जनसभा, कोविड प्रोटोकॉल सहित अन्य विन्दुओं पर भी विस्तार से अपनी बात कही।पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि क्षेत्र में लाइन एंड आर्डर मेंटेन करना हमारी प्राथमिकता होगी। जमीनी विवाद को चुनाव से जोड़ने वाले को भी चिन्हित किया जाएगा। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए हम आपके साथ है, अगर कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था को लेकर खलल डालने का प्रयास करता है तो वह हमसे किसी प्रकार की अपेक्षा न करें।इसके साथ ही नवागत इंस्पेक्टर वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने कोविड नियमों के अनुपालन सहित आचार संहिता के नियमों को प्रभावी रूप पालन कराने की बात कहते हुए बताया कि शोहरतगढ़ पुलिस शांति व्यवस्था व सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तैयार है। खलल डालने वाले को किसी भी सूरत में बक्सा नही जाएगा।इसके साथ ही सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, अल्ताफ नेता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, सभासद मनोज गुप्ता, गोपाल प्रसाद फौजी, व्यवसायी नीलू रुंगटा ने बैठक में अपनी बात कही।इस दौरान प्रमुख रूप से श्यामसुंदर चौधरी, राम मिलन चौधरी, मेजर सिंह चौहान, प्रशांत मिश्रा, जय प्रकाश पाण्डेय, प्रधान सुभाष यादव, शिवा तिवारी, अंकित सिंह, कौशल उमर, महेश कसौधन, परवेज अख्तर, बदरे आलम, पीडब्लूडी राणा सिंह, परवेज अख्तर, साकिब खान, जय शंकर प्रसाद मिश्रा, प्रधान श्रवण जायसवाल, प्रधान पटेश्वरी प्रसाद, सेराज अहमद, विक्रम यादव, सर्वजीत यादव, पीताम्बर यादव, अजय कुमार मिश्रा, अजय कुमार चौधरी, अजय चौहान, विष्णु चौहान, मिथुन चौहान, नितेश सिंह, नीरज सिंह, गंगाधर मिश्रा, राम प्रसाद, ज्ञान प्रसाद, सोनू निगम सहित उपनिरीक्षक रविकांत मणि त्रिपाठी, उपनिरीक्षक रामा प्रसाद यादव, उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा, का अशोक पासवान आदि मौजूद रहे।

# जनपद के नौ खंड शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण

### समय से कार्यमुक्तकर दिया जाएगा-बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पाडेय

**दैनिक बुद्ध का संदेश**

**सिद्धार्थनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में तीन वर्ष से अधिक समय से जमे नौ खंड शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण गैर जनपद हो गए हैं। अपर शिक्षा निदेशक प्रयागराज ललिता प्रदीप की तरफ से जारी सूची के अनुसार बढ़नी में कार्यरत बीईओ चंद्रभूषण पाण्डेय, जोगिया में कार्यरत विजय आनंद व लोटन में कार्यरत शिवकुमार को महराजगंज, खेसरहा में कार्यरत छनमन प्रसाद गौड़, मिठवल में कार्यरत धीरेंद्र त्रिपाठी व शोहरतगढ़ में कार्यरत अभिमन्यु को बस्ती, बर्डपुर में कार्यरत अनिल मिश्रा को अमेठी, डुमरियागंज में कार्यरत श्यामप्रताप सिंह को अंबेडकर नगर व नौगढ़ में कार्यरत रमेश चंद्र मौर्य को बलरामपुर स्थानांतरित किया गया हैद। बस्ती से बीईओ रामकुमार सिंह, बहराइच से धर्मेंद्र कुमार पाल, बलरामपुर से महेंद्र नाथ त्रिपाठी, लखीमपुर खीरी से बृजेश कुमार त्रिपाठी व चंदौली से कन्हैयालाल इस जनपद के लिए स्थानांतरित हुए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि जिले के जिन बीईओ का तबादला किया गया है, उन्हें समय से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

# मेंहदीपुर श्रीबालाजी सरकार का आठवां भजन कीर्तनका आयोजन हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। रविवार को मेंहदीपुर श्रीबालाजी सरकार का आठवां भजन कीर्तन, हवन का आयोजन नगर के थरौली मोहल्ला में स्थित एक मैरेज हाल में हुआ। श्रद्धालुओं ने नगर में परंपरागत शोभायात्रा निकाली। भाजन पर श्रोता झूमते रहे। भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ रामचरित मानस के सुंदर कांड के पाठ से किया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने जगह–जगह यात्रा की आरती उतारी। आयोजक मंडल ने रास्ते में पड़ने वाले मंदिरों की सजावट कराई थी। लोगों ने घरों के बाहर रंगोली बनाया। शाम को पूर्णाहुति व महाआरती हुई। भजन गायक मंडल ने सरकार तेरी सरकारी में, पल रहा है परिवार तेरी पहरेदारी में को सुना। इसके बाद यूं ही रखना कृपा का हाथ हम पर, लिख लेना हमारा नाम अपनी खातिरदारी में को जैसे स्वर दिया, पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। जय हो बालाजी सरकार, तेरी महिमा अपरंपार, सबका कर दो बेड़ा पार पर सभी झूमते रहे। देवेंद्र त्रिपाठी, घनश्याम दास गुप्ता, सूरज जायसवाल, लालजी त्रिपाठी, रूपेश वर्मा, मनोज सिंह, अजय कसौधन, केशव कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी चरण गुप्ता, विशाल, विवेक कसौधन आदि मौजूद रहे।

# जनपद में कोरोना संक्रमण बढ़ा,संख्या 52,नही लगा रहे मास्क,न बढ़ी दुरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

- **बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र में छह पाजिटिव मिले हैं। मिठवल में तीन, नौगढ़, बांसी व खुनियांव में दो-दो, बढ़नी, जोगिया, लोटन व दूसरे शहर में में एक-एक संक्रमित।**
- **बिना मास्क के बाहर घूम रहे लोग,कोविड नियमों की उड़ रही धज्जीया।**

सिद्धार्थनगर। कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। रोजाना नए संक्रमित मिल रहे हैं। लेकिन कोरोना को लेकर जागरूकता नहीं दिखाई दे रही है। कोई मास्क नहीं लगा रहा है। दुकान व बाजार में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग व पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। वहीं अभियान चलाकर किशोर वय के छात्र व छात्राओं को कोरोनारोधी टीका लगा रहे हैं। रविवार को भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूलों में शिविर लगाया।सीएमओ डा. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 1707 लोगों की जांच रिपोर्ट आई है। 19 संक्रमित मिले हैं, एक्टिव केस की संख्या 52 हो गई है। बर्डपुर ब्लाक क्षेत्र में छह पाजिटिव मिले हैं। मिठवल में तीन, नौगढ़, बांसी व खुनियांव में दो–दो, बढ़नी, जोगिया, लोटन व दूसरे शहर में में एक–एक संक्रमित मिले हैं। सभी को आइसोलेट कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम संपर्क में आने वालों को चिन्हित करके जांच करेगी। शोहरतगढ़ कस्बा में थाना की पुलिस ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। बिना मास्क के बाहर घूम रहे लोगों को कोविड नियमों का पालन करने के प्रेरित किया। दोबारा बिना मास्क के पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। लोगों को टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया। छतहरी, छतहरा, गड़ाकुल, भारतमाता चौक, गोलघर, नीबी दोहनी, महदेवा नानकार, बानगंगा आदि स्थान पर ओमिक्रोंन संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक किया गया। एसआइ रविकांत मणि त्रिपाठी, रामाप्रसाद, हरिओम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# ठण्ड से पीड़ित जरूरतमंदों की मदद के लिए गयादीन साहू ने बढ़ाये हाथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। समाजसेवी दिया। बीते एक पखवारे से क्षेत्र में पड रही कड़ाके की ठण्ड और कोहरे से हर आमजन




गयादीन साहू ने निजी व्ययभार पर ठण्ड से पीड़ित असहायों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए जीवट भरा प्रयास किया।इस कड़ी में उन्होंने कई असहायों में ठण्ड से बचाव हेतु कम्बल वितरित कर उन्हें हर स्तर से आगे भी मदद करते रहने का आश्वासन बेहालहै।खासकर इस भीषण ठण्ड की मार निराश्रित असहायों की जिंदगी पर और भी भारीपड़ रही है।इस दिशा में जरूरतमंदों को सुरक्षित करने के कई प्रयास कियेजारहे हैं। ठण्डक सेबुरी तरह दुश्वारी झेलने वाले कई गरीबो के जीवन रक्षा में वितरित कियाजाने वाला यह कम्बल अहम् मदद बन सकता है।मौसम और आपदाओं की मार सर्वाधिक बुजुर्गों और कमजोरों के लिए परेशानी का शबब बनती है। इस भीषण ठंढ में जरूरतमंदों की सेवा व सहयोग करना पुनीत कार्य है। यह बातें स्थानीय कस्बा में स्थित साहू मेडिकल् स्टोर पर स्वर्गीय जोखन गुप्ता मानव सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित एक कम्बल वितरण कार्यक्रम में समाजसेवी गयादीन साहू ने कही है। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों पर संस्था और व उनके सहयोगियों क्रमशःशिवशरण चौरसिया,राधेश्याम यादव,मौलाना नूरुद्दीन,बुध्दनाथ चौधरी आदि के कर कमलों नगर क्षेत्र के उसकाराजा,रानीगंज,रेहरा, कृष्णा नगर के रंगढार दीह सहित फरेंदा खुर्द गाँव में कुल 160 गरीबों में कम्बल वितरित किया गया है।समाजसेवी श्री साहू ने कहा कि ठण्ड से गरीबो ब जरूरतमंदों के बचाव हेतु कम्बल वितरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि ठंढ से बचाव के लिए सक्षम तबके के लोगों को आगे आना चाहिए।इस अवसर पर बैजनाथ गुप्ता,हरिहर गुप्ता,संतोष कुमार,असगर अली,अंजली गुप्ता,विनोद कुमार आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# केशव बाबा ने पंजाब के शमशेर सिंह को धोबी पाट से आसमान दिखाया

### सनई के कमलेश ने बनारस के रणवीर सिंह को निकाल दांव से चित किया।

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बभनी बाजार में आयोजित दो दिवसीय दंगल के समापन अवसर पर रविवार को पहलवानों ने खूब जोर आजमाइश किया। दिल्ली, हरियाणा, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर राजस्थान ,पंजाब तथा नेपाल के पहलवान शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्शकों ने हर एक दांव पर इनका उत्साह वर्धन किया।अयोध्या के केशव बाबा ने अपने प्रतिद्वंद्वी पंजाब के शमशेर सिंह को धोबी पाट से आसमान दिखाया। सनई के कमलेश ने बनारस के रणवीर सिंह को निकाल दांव से चित किया। नेपाल के देवा थापा राजस्थान के गोल्टा को पांच मिनट में धोबी पाट से चित कर दिया। जनपद के राहुल यादव गोरखपुर के संजय व लालजी मिश्रा ने अवधेश को पटकनी दी। राजस्थान के टाइगर, हरियाणा के छोटू, लखनऊ नसीन, मध्य प्रदेश से सूरज, राहुल, सुमित सिंह आदि ने भी अपने प्रतिद्वंद्वी को चित किया। संचालन केशव महराज ने किया। आयोजक जाहीर, महमूद प्रधान, महबूब, मंजूर खान, शहजाद, रंजीत यादव, राम अशीष गुप्ता, शमसुल्लाह, राजेन्द्र प्रधान, आशीष सिंह प्रधान, समुल्लास खान, गया प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 15 जनवरी तक रैली, जनसभा एवं रोड-शो पर रोकः डीएम दीपक मीणा

## दावेदार अधिकतम पांच लोगों के साथ घर–घर जनसंपर्क करें

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। चुनाव की तिथियों की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो गई है। कोरोना संक्रमण के कारण आयोग के निर्देश पर 15 जनवरी तक रैली, जनसभा एवं रोड–शो पर रोक लगी है। दावेदार अधिकतम पांच लोगों के साथ घर–घर जनसंपर्क कर सकते हैं। सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों को आचार संहिता के अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। ये बातें डीएम दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट सभागार प्रेस वार्ता के दौरान कहीं।डीएम दीपक मीणा ने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी बिना रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के किसी भी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन नहीं कर सकता। उन्हें नियमों का पालन करना होगा। सरकारी वाहनों, कर्मियों का सत्ताधारी दल के हित को बढ़ावा देने के लिए प्रयोग नहीं हो सकता। जिले में सकुशल चुनाव संपन्न कराने के लिए 209 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 30 जोनल मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन–तीन स्ट्रेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो निगरानी टीम एवं स्थायी निगरानी टीम गठित की गई है।

प्रत्येक विधानसभा में एक–एक लेखा टीम और वीडियो अवलोकन टीम के साथ सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय समेत सभी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा में कम से कम 20 बूथों पर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराते हुए आदर्श बूथ बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## 11 फरवरी तक होगा नामांकन

छठे चरण के चुनाव प्रक्रिया में शामिल जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों का चार से 11 फरवरी तक नामांकन होगा। 14 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच और 16 फरवरी तक नाम वापसी हो सकेगी। तीन मार्च को मतदान के बाद 10 मार्च को मतगणना होगी।

### बूथों की संख्या बढ़ जाएगी,बूथ पर अधिकतम 1250 मतदाता

कोरोना संक्रमण से बचाव एवं भीड़ से बचने के लिए प्रत्येक बूथ पर अधिकतम 1250 मतदाता रहेंगे। इससे अधिक मतदाता होने पर बूथों की संख्या बढ़ जाएगी। जिले में 210 नए बूथ बनाए गए हैं। डीएम ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में दोहरी नागरिकता वाले मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

### जनपद में चुनाव को लकर 18381 लोगों को किया गया पाबंद

एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले के सभी थानाक्षेत्रों के 18381 लोगों को पाबंद किया गया है। चुनाव में अशांति फैलाने वाले 272 लोगों को चिह्नित किया गया है। पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में दर्ज हुए 24 केस के जल्द निस्तारण करने के लिए कहा गया है। इसमें दो केस में आरोपितों पर अर्थदंड लगाया गया है।

# बाइक सवारों ने साइकिल सवार की जमकर की पिटाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। कस्बा के उस्का राजा रेलवे क्रासिंग के पास टक्कर लगने के विवाद में बाइक सवारों ने साइकिल सवाल की जमकर पिटाई कर दी। साइकिल सवार का सिर फटने से वह लहूलुहान हो गया। घटना रविवार की शाम की है।कस्बा के शिवाजी नगर वार्ड निवासी संतोष (35) साइकिल से घर जा रहे थे। बाइक सवार तीन लोग विपरीत दिशा से आ रहे थे। उनकी साइकिल सवार से टक्कर हो गई। फिर कुछ कहासुनी हुई। इतने में बाइक सवारों ने संतोष को पीट दिया।सूचना पर डायल–112 पुलिस पहुंची। पुलिस घायल युवक व पकड़े गए एक बाइक सवार को अपने साथ थाने ले गई। घायल का इलाज चल रहा है। इस संबंध में एसओ उसका सतीश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एसडीएम सहजनवा के नेतृत्व में पोलों पर लगाए गए होडिंग को उतारा गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद जिला प्रशासन एक्टिव हुआ एसडीएम सहजनवा सुरेश राय के नेतृत्व में सहजनवा क्षेत्र में पोलों पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए होडिंग को कर्मचारियों द्वारा उतरवाने का कार्य किया अब किसी भी पार्टी द्वारा किसी भी स्थान पर होडिंग या बैनर नहीं लगवा जा सकता अब प्रशासन सिर्फ चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्यों को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने का कार्य करेगा। प्रदेश में 7 चरणों में मतदान भिन्न–भिन्न तारीख में सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया जाएगा गोरखपुर जनपद में 3 मार्च को छठवे चरण में मतदान संपन्न कराया जाएगा जिसका मतगणना प्रदेश के सभी जनपदों का जनपद के मुख्यालयों पर 10 मार्च को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराया जाएगा उससे पहले जिला प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 2022 विधानसभा चुनाव को कुशलता पूर्वक संपन्न कराएगा।



# सम्पादकीय

**साथ ही काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। सवाल यह भी कि काफिले का मार्ग बदलने की सूचना तत्काल आंदोलनकारियों को कैसे मिली। इतनी जल्दी वे इतनी बड़ी तादाद में कैसे एकत्र हो गये। वहीं सुरक्षा जानकार भी मान रहे हैं कि पाकिस्तान बॉर्डर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर ...**

## चूक या लापरवाही

निस्संदेह, यह गंभीर चिंता की बात ही कही जायेगी कि कार्यपालिका के शीर्ष व्यक्ति का काफिला बीस मिनट तक एक ओवरब्रिज पर बंधक जैसी स्थिति में खड़ा रहे। इसे सिर्फ चूक नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही ही कहा जायेगा कि लगातार भारत विरोधी गतिविधियों में दशकों से लिप्त रहने वाले देश की सीमा से कुछ किलोमीटर दूरी पर प्रधानमंत्री का काफिला असहाय जैसी स्थिति में नजर आये। साथ ही वे पूर्व निर्धारित रैली में भाग लिये बिना वापस लौट जायें। निस्संदेह, बुधवार को बठिंडा से राष्ट्रीय शहीद स्मारक के लिये निकले प्रधानमंत्री के काफिले के रूट की जानकारी पंजाब सरकार व पुलिस को रही होगी। बताया जाता है कि बारिश व कम दृश्यता के चलते प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से जाने का फैसला लिया था। सवाल यह कि जब विरोध करने वाले किसान इतने कम समय में विरोध के लिये जुट सकते हैं तो पुलिस इस बाबत जानकारी क्यों नहीं जुटा पायी। फिर जानकारी प्रधानमंत्री के काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को क्यों नहीं दी गई। राजनीतिक विरोध अपनी जगह होता है लेकिन देश के शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा से कदापि समझौता नहीं किया जा सकता। खासकर पंजाब जैसे राज्य में जहां विगत में अशांति का लंबा दौर चला हो, वहां देश के विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में कतई कोताही नहीं बरती जा सकती। एक साल चले किसान आंदोलन में किसानों ने संयम व शांतिपूर्ण व्यवहार का ही प्रदर्शन किया। कमोबेश उनकी सभी मांगें मान भी ली गईं, फिर इस तरह से प्रधानमंत्री का रास्ता रोकना गरिमामय व तार्किक नहीं लगता। मामले में गृह मंत्रालय ने भी रिपोर्ट मांगी है और जवाबदेही तय करने की बात कही है। जैसा कि तय था, इस मुद्दे पर राजनीति होनी ही थी। जहां इस मुद्दे पर भाजपा आक्रामक नजर आ रही है और राज्य की कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है वहीं कांग्रेस फिरोजपुर रैली में भीड़ न जुटने की बात कहकर प्रधानमंत्री के वापस लौटने की बात कर रही है। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की कांग्रेस सरकार को चूक का दोषी बताते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहे हैं, वहीं कुछ कांग्रेसी नेता भी घटना को गलत मान रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील जाखड़ ने बुधवार की घटना को पंजाबियत के खिलाफ बताया। कहा कि यदि प्रधानमंत्री राजनीतिक रैली को संबोधित करने वाले थे तो सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। यही लोकतांत्रिक परंपरा की दरकार भी है। निस्संदेह इस चूक के कारणों की पड़ताल होनी चाहिए। विगत में हमने ऐसी चूक के चलते एक प्रधानमंत्री व एक पूर्व प्रधानमंत्री को खोया है। ऐसे में एक राज्य जहां पड़ोसी देश की विध्वंसक गतिविधियां लगातार चलती रहती हैं, वहां हमें विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहिए। निस्संदेह, घटनाक्रम का सच सामने आना ही चाहिए। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा चूक के बाबत जानकारी दी। राष्ट्रपति ने भी गंभीर चूक पर चिंता जतायी। साथ ही उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मामले में फिक्र का जिक्र किया। इससे पहले प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि कैसे पंजाब पुलिस व खुफिया विभाग को उस रास्ते की स्थिति की जानकारी नहीं थी, जिससे काफिला गुजरना था। अगर किसान धरना दे रहे थे तो उन्हें हटाया क्यों नहीं गया।

# कविता

## हिन्दी हैं हम

अगर हिन्दी नहीं बोलेंगे, हम हिन्दोस्ताँ वाले,
तो फिर सोचें कि क्या सोचेंगे फिर सारे जहाँ वाले ।।

यहाँ बोलें, वहाँ बोलें, जहां जाएं, वहाँ बोलें,
बता दें सारी दुनिया को कि हम सब हैं कहाँ वाले ।।

सहज हिन्दी को पढ़ना है, सरल इसकी लिखावट है,
बड़ाई करते हिन्दी की, यहाँ वाले, वहाँ वाले ।।

ये हिन्दी मात्र इक भाषा नहीं है, मातृभाषा है,
चलो मिलकर कहें सबसे, कि हम हैं एक माँ वाले ।।

नहीं है वैर उर्दू से, न अंग्रेजी से है झगड़ा,
हर इक भाषा के शुभचिंतक हैं हम हिन्दी जबाँ वाले ।।

सुनिश्चित रूप से हो नियाज, हिन्दी के प्रेमी तुम !
तभी तो तुम में भी कुछ गुण हैं, इंशाअल्ला खां वाले ।।



लेखक
रचनाकार–
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

# झूठे आश्वासनों से दम तोड़ती उम्मीदें

**कौन नहीं जानता कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है, समान काम के लिए समान वेतन। कम से कम मेडिकल और मेडिकल खर्च अवश्य दें। कर्मचारी के घर संतान पैदा होती है तो उसे छुट्टी दें और इनकी आकस्मिक छुट्टियां बढ़ा दें। एक अच्छे राजनेता की तरह दोनों ने स्वीकार किया। वित्त मंत्री ने तो सात दिन में ही यह सब कर देने का वचन दिया और उसके बाद फोन वचन भी नहीं सुनाई दिए...**

लक्ष्मीकांता चावला

कैप्टन अमरिंदर के नेतृत्व में वर्ष 2002 से लेकर 2007 तक पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनी। ठेके पर कर्मचारियों को रखने की बीमारी उसी काल में शुरू हुई। उस समय अकाली–भाजपा के मंच से हम यही कहते थे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सब कुछ ठेके पर दे दिया। अब पुलिस बची है उसे भी ठेके पर दे दीजिए। मगर अकाली–भाजपा सरकार आने के बाद भी हम ठेके की नौकरी की प्रथा से पंजाब को मुक्त नहीं कर सके। आज देश की जवानी का शोषण करने का सरकारी हथियार बन गई। अकाली–भाजपा सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में तो नब्बे प्रतिशत कर्मचारी ठेके पर ही भर्ती किए गए। उन सभी कर्मचारियों को भरोसा दिया गया कि तीन वर्ष पश्चात उन्हें नियमित कर दिया जाएगा। संभवतरू 2 प्रतिशत ही कर्मचारी इतने भाग्यशाली रहे कि उन्हें पांच–दस वर्ष बाद नियमित किया गया। शेष जो बेरोजगारी के मारे ठेके की नौकरी की चक्की में पिसने को तैयार हो गए वे प्रौढ़ावस्था में पहुंच रहे हैं, पर उनका वही वेतन, वही अवकाश की शर्तें हैं और काम का बहुत ज्यादा बोझ है। उन्हें कोई भी राहत नहीं मिली। क्या कोई यह अनुमान करेगा कि उन युवाओं को न विवाह के दिन कोई छुट्टी मिली, न पिता या माता बनने पर अवकाश मिला और न बीमारी के लिए कोई सरकारी राहत मिली। जो थोड़ा–बहुत वेतन मिलता था वही उन्होंने उसे किस्मत स्वीकार कर लिया, पर एक आशा रही कि शायद सरकार कभी उन्हें नियमित कर देगी।

शिक्षित जवानी का जितना शोषण सरकारों ने किया, वास्तव में वह राष्ट्रीय अपराध है। इसी कारण देश के बहुत से युवक–युवतियां विदेश के रास्ते पर चल पड़े। इसी सप्ताह प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस ओर देश के युवक चलते हैं उसी ओर देश चलता है। पर आज के युवा तो पासपोर्ट और वीजा दफ्तरों के बाहर खड़े होकर विदेशों में अपनी किस्मत आजमाने के लिए किसी भी कीमत पर जाने को तैयार हैं। क्या समझा जाए कि हमारा देश भी वहीं किस्मत आजमाएगा?

पिछली सरकारों ने तो पुलिस कर्मचारियों को भी 3 वर्ष केवल दस हजार रुपये वेतन पर रखा। पीसीएस और पीपीएस अधिकारी भी पंद्रह हजार रुपये पर भर्ती किए गए। एक अच्छा घरेलू सहायक भी इतने वेतन में नहीं मिलता। इसके साथ ही पांच वर्ष पहले की दीवाली पर बादल सरकार ने बड़े–बड़े समाचार छपवाए, पंजाब के ठेके पर काम करते कर्मचारियों की नौकरी पक्की की जा रही है। चन्नी सरकार की तरह ही उस सरकार ने भी एक दिन का विधानसभा सत्र बुलाकर वहां यह प्रस्ताव पास किया कि तीस हजार ठेका कर्मचारियों को नियमित करना है, पर परिणाम वही ढाक के तीन पात।

सरकार बदली और चुनावों से पहले कांग्रेस सरकार ने भी इन बेचारों को आशादीप दिखाया, वोट दीजिए नौकरी पक्की हो जाएगी। वोट दे दिया, पर वे ठेके पर ही रहे। नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता पिछले वर्षों में कई बार बढ़ा। नए वेतन आयोग की ओर भी सबकी निगाहें हैं। सांसदों, विधायकों का वेतन, भत्ता बढ़ता ही रहता है। बड़े–बड़े बंगलों में रहने वाले जनता का दर्द महसूस ही नहीं करते।

वर्तमान चन्नी सरकार ने भी दस साल से ज्यादा समय से ठेके की नौकरी कर रहे 36 हजार कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा कर दी। इस भुलेखे के साथ कि एक बार फिर वही दीवाली कर्मचारियों के घरों में आ गई, जो पांच साल पहले बादलों ने दी थी, पर आशंका यह थी कि इस छत्तीस हजार में किसका नाम रहेगा या कटेगा। लंबी प्रतीक्षा के बाद जानकारी मिली कि राजभवन में ही 40 दिन से वह फाइल बंद है जो विधानसभा सत्र के बाद राज्यपाल को हस्ताक्षर के लिए भेजी गई। अब फिर तड़प रहे हैं पंजाब के वे कर्मचारी जो प्रौढ़ावस्था को पहुंच रहे हैं। बहुत पहले मैंने पंजाब कांग्रेस के प्रधान सुनील जाखड़ और खजाना मंत्री मनप्रीत बादल से यह कहा था कि थोड़ी–सी राहत इन ठेका कर्मचारियों को दे दें।

कौन नहीं जानता कि सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है, समान काम के लिए समान वेतन। कम से कम मेडिकल और मेडिकल खर्च अवश्य दें। कर्मचारी के घर संतान पैदा होती है तो उसे छुट्टी दें और इनकी आकस्मिक छुट्टियां बढ़ा दें। एक अच्छे राजनेता की तरह दोनों ने स्वीकार किया। वित्त मंत्री ने तो सात दिन में ही यह सब कर देने का वचन दिया और उसके बाद फोन वचन भी नहीं सुनाई दिए।

ऐसा लगता है कि अब विरोधी पार्टियां सरकार पर आरोप लगाएंगी कि वे कर्मचारियों को नियमित नहीं कर रहे और सरकार राज्यपाल पर। वास्तव में ये सभी एक ही थैली के चट्टे–बट्टे हैं। बेकारी, बेरोजगारी, शोषण, भ्रष्टाचार से बचाने की कोई इच्छा इन सरकारों में नहीं। मतदाताओं को इनकी चालें समझनी होंगी। रोजगार देने की जगह मुख्यमंत्री ने नई पीढ़ी को विदेश भेजने की सुविधा देने की घोषणा करते हुए यह कह दिया कि अब आइलेट्स की शिक्षा परीक्षा मुफ्त कर दी जाएगी। सीधी बात कि विदेश में जाकर रोटी कमाओ, सरकार से कोई आशा न रखे।

# थिएटर में दिखेंगी सिर्फ बिग बजट वाली बड़ी फिल्में

**ऐसा लगता है कि हिंदी फिल्में स्टारडम के चलन से एक पठार पर पहुंच चुकी हैं। विषय, प्रस्तुति और प्रभाव की विविधता गायब है। लोकप्रिय स्टारों की नए विषयों में रुचि नहीं दिखती। वे पुराने लटके–झटकों में ही दर्शकों को उलझाए रखना चाहते हैं, जबकि दर्शक बार–बार बता रहे हैं कि अगर कंटेंट आकर्षित करेगा तो वे कम लोकप्रिय सितारों की छोटी–मझोली फिल्में भी देखेंगे। आयुष्मान...**

अजय ब्रह्मात्मज

साल 2021 की आखिरी हिंदी फिल्म शाहिद कपूर अभिनीत और गौतम चिन्नानुरी निर्देशित श्जर्सीश 31 दिसंबर 2021 को रिलीज नहीं हो पाई। ओमिक्रॉन के खौफ के कारण दिल्ली और अन्य राज्यों में सिनेमाघरों पर लगी पाबंदियों को देखते हुए रिलीज टाल दी गई। फिर भी 2021 में रिलीज हुई फिल्मों की संख्या 100 के पार हो गई। यानी संख्या के हिसाब से फिल्मों में भारी गिरावट नहीं आई है। हालांकि अधिकांश फिल्में ओटीटी पर ही रिलीज हो पाईं। महामारी के प्रकोप के चलते पूरे देश में सिनेमाघर ज्यादातर बंद ही रहे। अक्टूबर के मध्य में सभी राज्यों में थिएटर खोलने की घोषणा के बाद सुगबुगाहट हुई, लेकिन श्सूर्यवंशीश की रिलीज के पहले तक दर्शक थिएटर जाने में हिचकते रहे। रोहित शेट्टी की फिल्म श्सूर्यवंशीश ने दर्शकों को सिनेमाघर पहुंचने के लिए प्रेरित किया। ज्यादातर राज्यों में 50त्न की क्षमता से ही थिएटर खोलने की अनुमति के बावजूद इस फिल्म ने महीने भर के अंदर 193 करोड़ से अधिक का कारोबार कर लिया था। इससे यह बात फिर स्थापित हुई कि अगर लोकप्रिय स्टार अच्छी पैकेजिंग के साथ थिएटर में फिल्में लेकर आएं तो उन्हें दर्शक मिलेंगे। देखना यह है कि 7 जनवरी, 2022 को रिलीज हो रही राजामौली की श्आरआरआरश देखने कितने दर्शक आते हैं। हिंदी फिल्मों से निराशाः इस बीच बॉक्स ऑफिस पर दिखी उम्मीद की किरणों को ओमिक्रॉन के डर के बादलों ने एक बार फिर ढक दिया है। पूरा देश एक अनिश्चय के दौर से गुजर रहा है। हिंदी सिनेमा भी इसी अनिश्चितता के भंवर में फंसा हुआ है। ओटीटी बनाम थिएटर की बहस मंद पड़ गई है। थिएटर में फिल्म देखने के थ्रिल के नॉस्टैल्जिक एहसास के बावजूद ओटीटी अब सर्वमान्य सचाई है। ट्रेड पंडितों के मुताबिक, सीमित बजट की मझोली और छोटी फिल्में निश्चित लाभ के लिए स्ट्रीमिंग प्लैटफॉर्म पर आती रहेंगी। बीच–बीच में लोकप्रिय स्टारों की बड़ी फिल्में भी आ जाएंगी। थिएटर को सिर्फ इवेंट और बिग बजट फिल्मों से ही उम्मीद करनी होगी। ओटीटी और थिएटर का सहअस्तित्व ही फिल्मों को समुचित कारोबार का आधार दे पाएगा। 2022 में स्वतंत्र रूप से ओटीटी के लिए फिल्में तैयार करने की संभावना मजबूत हुई है। महामारी के पहले जो श्मल्टिप्लेक्स सिनेमाश था, वही अब श्ओटीटी सिनेमाश हो गया है। कारोबार और कामयाबी की चिंताओं से निकलकर फिल्मों की गुणवत्ता पर बात करें तो इस साल हिंदी फिल्मों ने बेहद निराश किया है। ऐसा लगता है कि हिंदी फिल्में स्टारडम के चलन से एक पठार पर पहुंच चुकी हैं। विषय, प्रस्तुति और प्रभाव की विविधता गायब है। लोकप्रिय स्टारों की नए विषयों में रुचि नहीं दिखती। वे पुराने लटके–झटकों में ही दर्शकों को उलझाए रखना चाहते हैं, जबकि दर्शक बार–बार बता रहे हैं कि अगर कंटेंट आकर्षित करेगा तो वे कम लोकप्रिय सितारों की छोटी–मझोली फिल्में भी देखेंगे। आयुष्मान खुराना की श्चंडीगढ़ करे आशिकीश जैसी फिल्में उदाहरण हैं। सलमान खान, अजय देवगन, अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के होने के बावजूद वे श्राधेश, श्भुजश, श्बेल बॉटमश और श्सत्यमेव जयते 2श नहीं देखेंगे। पिछले 21 महीनों में सभी लोकप्रिय स्टार अपनी चमक खो चुके हैं। आमिर खान की श्लाल सिंह चड्ढाश और आलिया भट्ट की श्गंगूबाई काठियावाड़ीश के अलावा लोकप्रिय स्टार की कोई और उल्लेखनीय फिल्म निकट भविष्य में आती नजर नहीं आ रही है। 2022 पर भी हिंदी फिल्मों में आए ग्रहण का असर दिखेगा। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को उबरने और पटरी पर लौटने में समय लगेगा। 2021 की उल्लेखनीय हिंदी फिल्मों की चर्चा करें तो उनकी संख्या एक दर्जन से अधिक नहीं होगी। श्सरदार उधमश, श्मील पत्थरश, श्शेरनीश, श्रश्मि रॉकेटश श्मिमीश, श्संदीप और पिंकी फरारश, श्रामप्रसाद की तेरहवींश और श्पगलेटश अपेक्षाकृत अच्छी फिल्में हैं। इनमें से किसी भी फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं हैं। इन फिल्मों के निर्देशक ने लीक से हटकर कुछ नया करने की कोशिश की है। ज्यादातर फिल्में ओटीटी पर ही आईं, इसलिए उनके कारोबार के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। फिर भी उनकी कामयाबी पर कोई संदेह नहीं किया जा सकता। इस बीच, दक्षिण भारत की चार भाषाओं दृ तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम दृ से डब की हुईं या सबटाइटल के साथ रिलीज हुई फिल्मों ने हिंदी दर्शकों को तेजी से रिझाया है। ओटीटी ने उन्हें घर बैठे यह अवसर दिया है, जिसे अंग्रेजी पढने में सक्षम शहरी मध्यवर्गीय दर्शकों ने लपक लिया है। दक्षिण भारत की फिल्मों में कंटेंट की क्वॉलिटी, विषयों की विविधता और प्रस्तुति हिंदी फिल्मों की अपेक्षा प्रभावशाली है। वहां के लोकप्रिय स्टार भी प्रयोगधर्मी और साहसी फिल्मों का हिस्सा बन रहे हैं।

समाज के वंचित तबकों के प्रतिनिधियों को इन फिल्मों में नायकत्व मिल रहा है। दक्षिण भारत के लोकप्रिय स्टार अपनी फिल्में हिंदी में डब कर रहे हैं। वे हिंदी दर्शकों के बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। अल्लू अर्जुन की फिल्म श्पुष्पाश हिंदी दर्शकों को काफी पसंद आई है। साउथ ने लुभाया दिलचस्प है कि हिंदी दर्शक 2021 में दक्षिण भारत से आईं श्जय भीमश, श्कर्णनश, श्नायट्टूश, श्जोजीश, श्द ग्रेट इंडियन किचनश, श्कलाश, श्गरुड़ गमन वृषभ वाहनश, श्सरपटा परमबराईश आदि फिल्में देख लें तो उन्हें भारतीय सिनेमा का वास्तविक परिदृश्य समझ में आएगा। यह कहना पड़ेगा कि भारतीय सिनेमा की मुख्यधारा अब हिंदी फिल्में नहीं रह गई हैं। साउथ की फिल्में उनकी जगह आ गई हैं। अंत में यह जिक्र जरूरी है कि वेब सीरीज की प्रचुरता और स्वीकृति ने भी हिंदी दर्शकों को अपनी तरफ खींचा है। श्मिर्जापुरश, श्पाताल लोकश, श्स्कैमश, श्महारानीश और श्गुल्लकश आदि लोकप्रिय वेब सीरीज रही हैं। मनोरंजन उद्योग की इस नई विधा ने सभी निर्माताओं को अपनी तरफ झुकाया है। सभी प्रॉडक्शन कंपनियां किसी न किसी वेब सीरीज का निर्माण कर रही हैं। इतना तय है कि फिल्म, टीवी और वेब सीरीज नए–नए विकल्पों के साथ लोगों का मनोरंजन करते हुए इस कठिन दौर को जहां तक हो सके आसान बनाने का काम जारी रखेंगे।



# जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत टीकाकरण का दिया निर्देश

देवरिया। बनकटा थाना परिसर में . समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कोविड टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। डीएम ने ग्राम प्रधानों, लेखपाल एवं बीपीओ को निर्देश दिया कि वे अपने अपने क्षेत्र के सभी लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक कर उनका टीकाकरण कराएं। डीएम ने कहा कि शुगर, बीपी या अन्य किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों को टीकाकरण में प्राथमिकता दी जाए। धात्री माताओं तथा गर्भवती महिलाओं को भी टीकाकरण किया जाना है। 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वर्ग के लिए भी टीकाकरण शुरू हो गया है। इस आयु के किशोर किसी भी कालेज में जहां टीकाकरण केंद्र बनाया गया है वहां जाकर वे अपना टीकाकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस आयु वर्ग के जिले में दो लाख सत्रह हजार किशोर हैं। 20 जनवरी तक उन सभी किशोरों को प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने कहा कि अब तक जिले में 17 लाख 82 हजार लोगों को कोविड वैक्सीन का प्रथम डोज दिया जा चुका है। वहीं 12 लाख 50 हजार लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लग चुकी है। लगभग चार लाख लोगों को अभी प्रथम डोज भी नहीं लगा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी ग्राम प्रधान एवं लेखपाल इन सभी छूटे हुए लोगों को जागरूक कर उनका टीकाकरण करने में सहयोग करें। इस दौरान एसडीएम रामपति वर्मा, सीओ पंचमलाल, एसओ विपिन मलिक, प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि ा अनिल यादव, ग्राम प्रधान विवेक राय, धर्मेन्द्र कुशवाहा, सतीश सिंह, विद्यासागर आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायल कृषि विभाग के कर्मचारी की मौत

देवरिया। शहर के कचहरी चौराहे पर सड़क हादसे में घायल कृषि विभाग के कर्मचारी ध्रुव नारायण मिश्र की इलाज के दौरान भोर में मौत हो गई। मृत्यु की खबर सुनकर स्वजन में चीख पुकार मच गई। गौरीबाजार के सांडा गांव के रहने वाले 45 वर्षीय ध्रुव नारायण मिश्र रमण मिश्र जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। वह पुराने पोस्टमार्टम हाउस चौराहा के पास सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते थे। वह शाम किसी कार्य से कलेक्ट्रेट में गए थे। कचहरी चौराहा पर किसी वाहन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखकर चिकित्सक ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, लेकिन स्वजन उनको शहर के एक निजी नर्सिंग होम में ले गए। रात में तबीयत बिगड़ने पर आइसीयू में भर्ती कराया गया। भोर में उन्होंने दम तोड़ दिया। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। एक माह पहले मां की हुई थी मौतः मृतक कर्मचारी की माता ललिता मिश्रा की एक माह पूर्व मृत्यु हो गई थी। अभी स्वजन इस शोक से उबरे भी नहीं थे कि ध्रुव नारायण की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। उनके पिता की भी मृत्यु काफी पहले हो चुकी है।

## रैन बसेरा में भर गया पानी, नहीं मिला आसरा

देवरिया। निराश्रित एवं असहाय वर्ग के लोगों को शीतलहर व ठंड से बचाने के लिए शहर में स्थापित किए गए चार अस्थायी रैन बसेरे बारिश होने पर आसरा नहीं दे पा रहे हैं। कई दिनों से बारिश का पानी भर जाने से लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी है। नगर पालिका परिषद की तरफ से शहर के रामेश्वरलाल विश्वंभरलाल चौराहा पर कसया ओवरब्रिज के नीचे, जिला अस्पताल परिसर, रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन परिसर में अस्थायी रैन बसेरा स्थापित किया गया है। इन जगहों पर कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है, जो रात में ठहरने वाले लोगों का नाम, पता व मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करते हैं। बारिश होने पर रेलवे स्टेशन व रोडवेज परिसर में बनाए गए रैन बसेरा में पानी घुस गया। जिसके चलते लोग आसरा नहीं ले पाए। पानी से भीग जाने से रजाई, गद्दों व अन्य समान को समेटना पड़ा। सुबह करीब छह बजे सदर रेलवे स्टेशन परिसर में बना रैन बसेरा बंद मिला। सामान बिखरा हुआ था।जलकल कर्मी विनोद मणि रैन बसेरा में मौजूद सामानों की रखवाली करते मिले। यही हाल रोडवेज परिसर में स्थित रैन बसेरा का था। दो दिन पूर्व बारिश होने पर एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज व ईओ रोहित कुमार सिंह जायजा लेने पहुंचे थे। बारिश के चलते रैन बसेरों में बदहाली सामने आई थी। ईओ नगर पालिका रोहित सिंह ने कहा कि रैन बसेरों में बारिश से बचाव के इंतजाम किए गए हैं लेकिन बगल से बारिश का पानी टेंट में घुस जा रहा है। बारिश का पानी घुसने से रोकने के लिए टेंटवाले को निर्देश दिए गए हैं। स्थायी रैन बसेरा बनने से ही मिलेगी निजातः शहर में जगह की कमी से स्थायी रैन बसेरा स्थापित नहीं हो पा रहा है। यदि बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व जिला अस्पताल प्रशासन की तरफ से जगह उपलब्ध कराई जाती तो स्थायी रैन बसेरा बनाया जा सकता है।

## अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों को करें पाबंदः डीएम

महराजगंज। जिले के 18 थानों पर आयोजित समाधान दिवस में कुल 55 शिकायती पत्र आए, जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 50 शिकायती पत्रों को शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के लिए राजस्व और पुलिस टीम को निर्देशित किया गया। डीएम सत्येन्द्र कुमार एवं एसपी प्रदीप गुप्ता ने निचलौल और कोठीभार थाने में जनसुनवाई कर शिकायतों का निस्तारण किया। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम ने कहा की थाना क्षेत्रों में अपराधी किस्म के व्यक्तियों तथा गावों में किसी व्यक्ति के प्रति किसी प्रकार का संदेह होने पर उन्हे पाबंद करने की कार्रवाई करें। निचलौल संवाददाता के अनुसार डीएम ने कहा कि चुनाव की परिधि में अव्यवस्था फैलाने वालों को चिह्नित करें। 107–116 की कार्रवाई की सूची तैयार कर नोटिस का तामीला कराते हुए गुंडा एक्ट एवं टाप टेन अपराधियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र के सभी लाइसेंसी शस्त्र जमा कराएं। इस दौरान एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा, सीओ डीके उपाध्याय, इंस्पेक्टर सुनील कुमार राय आदि मौजूद रहें। चौक बाजार संवाददाता के अनुसार थाना परिसर में समाधान दिवस में दो बजे तक केवल दो मामले आए लेकिन निस्तारण की स्थिति शून्य रही। पहला मामला थानाक्षेत्र के बसवार निवासी राजेश शर्मा का रहा। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से दौड़ रहा हूं, लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है। दूसरा मामला सोहगौरा ग्रामसभा के सरस्वती देवी का रहा। उन्होंने बताया कि सड़क के विवाद का मामला पिछले छह माह से चल रहा है, लेकिन पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि अतिशिघ्र दोनों मामलों का निस्तारण कर दिया जाएगा।

# सड़कों से हटाए गए होर्डिंग, बैनर व पोस्टर

देवरिया। जिसका इंतजार था, वह घड़ी आ गई। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना शाम जारी होते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। जनपद में आदर्श चुनाव आचार संहिता का डंडा चलना शुरू हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के होर्डिंग–बैनर व पोस्टर हटवाया। विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने का अंदेशा कई दिनों से था। चुनाव आयुक्त की पत्रकारवार्ता की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। दोपहर बाद से ही नगर पालिका के कर्मचारी वाहन लेकर होर्डिंग, बैनर हटाने के काम में जुट गए। मालवीय रोड, सुभाष चौक, सिविल लाइंस रोड, जलकल रोड, भटवलिया चौराहा समेत अन्य जगहों से होर्डिंग हटाए जाने लगा। एसडीएम सौरभ सिंह कर्मचारियों के साथ शहर में निकल पड़े।

उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के होर्डिंग, बैनर–पोस्टर हटवाने के काम को तेज किया। नगर पालिका परिषद ने चौक–चौराहों पर लगाए गए राजनीतिक दलों के बैनर व पोस्टर हटाकर जब्त किया। इसके अलावा सलेमपुर, रुद्रपुर, भाटपाररानी, भटनी, लार, गौरीबाजार, खुखुंदू, पथरदेवा, तरकुलवा, रामपुर कारखाना, बघौचघाट, मझौलीराज, बैतालपुर आदि स्थानों पर भी पुलिस ने होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटवाए। बरहज संवाददाता के अनुसार, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौक–चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर लगे राजनीतिक दलों की होर्डिंग, बैनर को प्रशासन ने हटवा दिया। उपजिलाधिकारी ध्रुव कुमार शुक्ल, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका कर्मियों ने हटाया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि 24 घंटे के भीतर सभी स्थानों पर लगे इस प्रकार के प्रचार सामग्री को हटा दिया जाएगा। निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

# समाधान दिवस में छाए रहे राजस्व से जुड़े मामले

देवरिया। समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व से जुड़े मामले आए। अधिकतर मामले पुराने थे। जनपद के सभी थानों में कुल 112 मामले आए, जिसमें 68 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पिछले बार से समस्याओं का समाधान न होने से लोग निराश होकर लौट रहे थे। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन और डीआइजीध्एसपी डा.श्रीपति मिश्र ने भाटपाररानी थाने में फरियाद सुनी। इस दौरान 11 शिकायतें आईं। पुलिस व राजस्व टीम ने मौके पर जाकर दो मामलों का निस्तारण किया गया। देवरिया सदर कोतवाली में एसडीएम सौरभ सिंह व शहर कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने फरियाद सुनी। रामपुर कारखाना ब्लाक के भीमपुर गांव के प्रधान महेंद्र यादव ने सड़क निर्माण में बाधा डालने की शिकायत की। उनका कहना था कि वह एसडीएम के पास कई बार आ चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। गांव के रामनरेश यादव के घर से दूध केंद्र तक नाली व खड़ंजा निर्माण प्रस्तावित है। आबादी वर्ग छह दो की भूमि पर इसका निर्माण पूर्व प्रधान ने वर्ष 2004 में श्रमदान से कराया था। दूसरे पक्ष के लोगों ने रास्ता निर्माण रोक दिया। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, कोतवाली परिसर में समाधान दिवस में तहसीलदार शैलेंद्र कुमार ने फरियाद सुनी। कुल पांच मामले आए, जिसमें तीन मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार मिश्र व राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे। इसके अलावा रुद्रपुर, बरहज, तरकुलवा, बघौचघाट, खुखुंदू, भलुअनी, मईल, खामपार, भटनी, लार, महुआडीह, रामपुर कारखाना, बनकटा, बरियारपुर, एकौना, मदनपुर, गौरीबाजार में भी समाधान दिवस आयोजित किए गए।

# देवरिया व कुशीनगर जिले की पुलिस की संयुक्त छापेमारी

देवरिया। विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती इलाके में कच्ची के विरुद्ध पुलिस की छापेमारी तेज हो गई है। देवरिया व कुशीनगर पुलिस ने सीमा पर स्थित गोसाईं टोला के सामने छोटी गंडक नदी किनारे व जंगल में संयुक्त रूप से छापेमारी कर अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने 22 भट्ठियां तोड़ी व 90 क्विटल लहन नष्ट किया। धंधेबाज मौका पाकर भाग निकले। डीआइजीध्एसपी डा. श्रीपति मिश्र के निर्देश पर महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर पुलिस चौकी के तहत गोसाईं टोला के सामने छोटी गंडक नदी के किनारे व जनपद कुशीनगर के सीमावर्ती क्षेत्रों में कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाया गया। दोनों जनपदों की पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने नावों की सहायता से नदी किनारे स्थित जंगल में तलाशी ली। इस दौरान भूमि के भीतर काफी नीचे ड्रम, प्लास्टिक के डिब्बों, प्लास्टिक के मोटे पैकेटों में छिपा कर रखे गए लहन को बाहर निकाला गया। टीम ने उसे नष्ट किया। कच्ची बनाने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली भट्ठियों को नष्ट किया। बड़ी मात्रा में नौसादर, गुड़, कोयला व लकड़ी बरामद किया गया। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह, हेतिमपुर चौकी प्रभारी अश्विनी प्रधान, उपनिरीक्षक दिनेश मौर्या, आबकारी सिपाही पवन कुमार, योगेश कुमार, सिपाही राधेश्याम यादव, अरविन्द कुमार आदि शामिल रहे। कच्ची के 11 धंधेबाजों को किया गिरफ्तारः जनपद की पुलिस ने ईंट भट्ठों व देवारा क्षेत्रों में छापेमारी कर . ............... की रात 94 लीटर कच्ची बरामद किया। 11 धंधेबाजों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट में चालान किया। कच्ची के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार चलता रहेगा।

# दो डाक्टर समेत 15 मिले कोरोना संक्रमित

महराजगंजरू जिले में कोरोना का संक्रमण फिर तेजी से फैलने लगा है। दो डाक्टर समेत 15 लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। इस प्रकार सक्रिय रोगियों की संख्या 30 हो गई है। संक्रमितों की संख्या में इजाफा होने से आमजन के साथ प्रशासन की बेचौनी बढ़ गई है। जिले के अमरूतिया बाजार, सीएचसी परतावल, जड़ार, परसाधमऊर, जगरन्नाथपुर, डरवार खुर्द, बरगदवा बाजार आदि क्षेत्र में संक्रमित पाए गए हैं। जिससे वहां सतर्कता बढ़ा दी गई है। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार गोरखपुर जनपद के इटवा कैंपियरगंज निवासी एक व्यक्ति कोरोना जांच कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में आया था। एंटीजन जांच में उसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई। चिकित्सकों ने उसे होम आइसोलेट रहने की सलाह दी। सोनौली संवाददाता के अनुसार भारत–नेपाल के सोनौली सीमा पर एक कर्मचारी संक्रमित पाए गए। इसी तरह रतनपुर सीएचसी पर पिपरहिया निवासी एक गर्भवती महिला की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। सोनौली सीमा पर जांच टीम एलटी सिराज अहमद, एलटी जितेंद्र शर्मा, फर्श बहादुर भंडारी, अंकित आदि उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी डा. आइए अंसारी ने बताया कि जिले में 15 संक्रमित पाए गए हैं।इस प्रकार अब तक कुल संक्रमितों की संख्या 12496 हो गई है। इसमें 12323 ने कोरोना से जंग जीत ली है। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर सभी सतर्क रहने की जरूरत है।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि

महराजगंज। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सामान्य विधान सभा निर्वाचन 2022 की चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी के अनुपस्थिति व मोबाइल बंद रहने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की है। इस लापरवाही जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए तलब किया है। चेतावनी दी कि रविवार को उपस्थित नहीं हुए तो उनके विरुद्ध शासन को पत्र लिखा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आचार संहिता लागू हो गई है।

चुनाव में लगे अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन समुचित ढंग करें। कोविड महामारी नियमों का पालन करते हुए मास्क का उपयोग अवश्य करें, जिससे कोविड संक्रमण से बचाव हो सके। इसके लिये मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल व एसीएमओ डा. आइए अन्सारी को जिम्मेदारी दी गई। चुनाव के बीच सभी सीएचसी केंद्र को नोडल बनाए रखें। कोविड संबंधी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे उपचार में आसानी हो सके। कंट्रोल रूम में शिकायतें पंजिका में दर्ज करते हुए संबंधित टीम को तत्काल सूचित किया जाए। पार्टी द्वारा अपने प्रचार–प्रसार में विज्ञापन, पेड न्यूज पर विशेष नजर रखी जाए। मतदाताओं की वोटिंग संख्या बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम में अन्य संस्थाओं नेहरू युवा कल्याण, सभी कैडेटों तथा बच्चों को जोड़ा जाए, जिससे मतदान के लिए लोगों में जागरूकता लाई जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल, एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा, अपर एसडीएम मो. जसीम, जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी मनोज कुमार, डीडीओ, डीआइओएस, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण, विद्युत, नलकूप आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने विरोध करके पानी की टंकी का निर्माण कार्य रुकवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला विकास खण्ड के झरकटा गांव मे रविवार को गांव के कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पानी की टंकी के बोरिंग कार्य को रुकवा दिया। कार्य स्थल पर पहुंचे जेई व मजदूरों को वापस लौटना पड़ा। गांव मे पानी की टंकी का निर्माण ग्रामीण जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत होने जा रहा था। इस टंकी के लग जाने से प्रत्येक घर को नल की सप्लाई मिलेगी।जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिल सके।इसी योजना के अंतर्गत चयनित गांव के एक खाली भू–भाग पर जेई सहित ठिकेदार व मजदूर मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य को रुकवा दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर कार्य शुरू करवाने का प्रयास



किया,लेकिन वे नहीं मानें।विरोध प्रदर्शन करने वाले लालचंद राकेश लालमति विंदू देवी, उषा देवी, गंगोत्री देवी, उर्मीला देवी, चानमती देवी, संतमुरारी, विजय शंकर रामसिंह, नरोत्तम पुष्पा देवी आदि का कहना है कि जिस जगह पर निर्माण कार्य शुरु करने का प्रयास हो रहा है,वहां पर हम लोग बारात आदि सार्वजनिक अवसरों पर उपयोग करतें हैं।यदि निर्माण कार्य हो जाएगा तो हम लोगों के लिए समस्या उत्पन्न हो जाएगी।इस संबंध मे ग्राम प्रधान सोमनाथ गुप्ता का कहना है,कि जहां वे लोग निर्माण कार्य की बात कर रहें हैं,उसे स्कूल के लिए सुरक्षित किया गया है।तथा वहां तत्काल मे निर्माण कार्य शुरु कराया जाना भी संभव नहीं है।वहीं इस संबंध ा में उपजिलाधिकारी विनय कुमार पांडेय का कहना है कि दो दिन में मामले को सुलझाकर निर्माण कार्य शुरु करवा दिया जाएगा।

# मिठाई की दुकान में चोरी करते तीन युवक पकड़े गए

एकौना थाना क्षेत्र के पचलडी डीह चौराहे पर रात चाय की दुकान में चोरी करने के प्रयास में तीन युवक रंगे हाथ पकड़े गए। लोगों ने तीनों को पुलिस को सौंप दिया। पचलड़ी डीह चौराहा पर राम प्रताप मद्धेशिया की मिठाई की दुकान है। दुकान के समीप वह स्वजन के साथ रहते हैं। रात्रि करीब 12 बजे ई–रिक्शा से आए तीन युवक दुकान का ताला तोड़कर मिठाई चुराने लगे। आहट सुनकर वह जाग गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। तीनों युवकों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष श्यामलाल निषाद ने बताया कि युवकों से पूछताछ की जा रही है।

# बाइक सवार को बचाने में स्कार्पियो पलटी



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला। गोरखपुर।गोला क्षेत्र के उरुवा–गोला राम–जानकी मार्ग पर गोपालपुर में रविवार को गोला की तरफ से आ रही स्कार्पियो एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। गनीमत है कि किसी को खरोंच तक नहीं लगी। स्कार्पियो में ड्राइवर के अलावा और कोई नहीं था।

# हल्की बारिश से बढ़ी गलन, ठिठुरे लोग

महराजगंज। एक सप्ताह से जिले में ठंड का कहर जारी है। दिन भर हल्की बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश के कारण पारा लुढ़क कर न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिससे गलन के साथ ठिठुरन बढ गई। ठंड के कारण लोग घरों में ही दुबके रहे। तराई के मौसम के मिजाज में उतार–चढ़ाव जारी है। गुरुवार को बूंदाबांदी के बीच बर्फीली पछुआ हवा से लोग ठिठुरते रहे। हालांकि दिन थोड़ा राहत देने वाला रहा। लेकिन फिर मौसम ने अचानक यू टर्न ले लिया। पूरे दिन बदली छायी रही। सूर्यदेव के दर्शन तक नहीं हुए। दिन–भर हल्की बारिश होती रही।रोज की अपेक्षा सक्सेना चौक, मुख्यालय रोड, कालेज रोड, मऊपाकड़, बलिया नाला रोड पर लोगों की आवाजाही कम रही। शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा छा गया। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ठंड में भी लोगों को बचाने का समुचित प्रबंध नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीण अपने स्तर से किसी तरह इससे दो दो हाथ कर रहे हैं। विगत एक सप्ताह से मौसम में परिवर्तन होने से दिन व रात के तापमान में काफी गिरावट आई है। वहीं रुक रुक कर चलने वाली हवा व बारिश ने लोगों का घर से निकलना दूभर कर दिया है। सुविधा संपन्न परिवार तो इससे बचने के लिए लकड़ी, कोयला, हीटर व ब्लोवर का सहारा ले रहे है। ठंड से परेशान लोग फटे पुराने कपड़े, कागज, रद्दी, टायर आदि जलाकर ठंड से जूझने को विवश हैं। वहीं शासन द्वारा क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने का दावा कागजों में ही सिमट कर रह गया है। क्षेत्र के परसाबेनी, भगवतनगर, फरेंदा खुर्द रतनपुर खुर्द, डडवार खुर्द, कमरिया, मथुरानगर सहित अन्य क्षेत्रों में लोग अलाव के इंतजार में हैं। दिनेश यादव, कैलाश, रामबरन, रामजतन, नंदकिशोर लोगों ने प्रशासन से प्रमुख चौराहों पर अलाव जलवाने की मांग की है।

# विधानसभा तुलसीपुर कौन कहां,अब होगा क्या

घनश्याम मिश्र/
दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद बलरामपुर के चारों विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशियों की सबसे ज्यादा भीड़ तुलसीपुर विधानसभा में है इसका प्रमुख कारण बलरामपुर सदर सीट का सुरक्षित होना है। जिसमें अधिकांश प्रत्याशी बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र से ही हैं स जो विभिन्न दलों से अपनी किस्मत आजमाने के लिए तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र में जोर आजमाइश शुरू कर दिए हैं सजिनमें सबसे ज्यादा भीड़ समाजवादी पार्टी में प्रत्याशियों की देखी जा रही है स विगत कुछ महीनों पहले जो लोग समाजवादी पार्टी में बड़े इत्मीनान से यह सोच कर आए थे स कि प्लेटफार्म खाली है पर देखते ही देखते कुछ महीनों में प्रत्याशियों की भरमार हो गई और सबसे बड़ा उलटफेर तो पूर्व सांसद रिजवान जहीर के बहुजन समाज पार्टी छोड़ समाजवादी पार्टी में आने से हो गया इस दौरान जो लोग समाजवादी पार्टी में यह सोच कर आए थे कि कोई बड़ा चेहरा तुलसीपुर में समाजवादी पार्टी का ना होने से टिकट मिलने में आसानी रहेगी पर रिजवान जहीर के समाजवादी पार्टी में आ जाने के कारण टिकट की लड़ाई बहुत दिक्कत तलब हो गई है वैसे तो जहां तक देखा जाए तो सबसे पहले सबसे बड़ा दावा तो विधान सभा के पूर्व सदस्य रहे मसूद का ही है स जिन्होंने समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ा और लड़ाई में 2017 के विधानसभा चुनाव मैं भारतीय जनता पार्टी के आंधी में तीसरे नंबर पर रहे दूसरे नंबर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी जेबा रिजवान थी जो विधायक कैलाश नाथ शुक्ल से लगभग 19000 मतों से पीछे थी जबकि मसूद जेबा रिजवान से लगभग 7000 मतों से पीछे रही और ऐसे में बहुजन समाजवादी पार्टी प्रत्याशी कृष्ण कुमार सचान चौथे पर रहे जबकि निर्दल राजेश्वर मिश्रा लगभग 17000 वोट पाकर पांचवे नंबर पर रहे परंतु आज परिस्थिति बदली है आज के समय में विधायक कैलाश नाथ शुक्ल के बाद सभी प्रत्याशी जो दूसरे तीसरे पांचवें नंबर पर के सभी समाजवादी पार्टी खेमे में है और अगर उनके मतों की गणना की जाए तो कुल मतों में कैलाश नाथ शुक्ल की लगभग 62000 वोट मिले थे वही जेबा रिजवान की 43500 वही मसूद को 36500 व मिश्र को लगभग 17000 और अगर तीनों प्रत्याशियों के मतों की गणना की जाए तो वर्तमान में सभी समाजवादी पार्टी में ही हैं तो कुल इनकी संख्या लगभग 158500 लगभग हो जाती है जो भारतीय जनता पार्टी के श्री शुक्ल के दोगुने से भी ज्यादा है ऐसे में अगर समाजवादी पार्टी में आपसी फूट नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी के लिए इस लक्ष्य को भेद पाना न केवल मुश्किल बल्कि असंभव सा होगा वैसे जहां तक समाजवादी पार्टी में अब तक उभर कर आए प्रत्याशियों की बात है तो उसमें सलिल सिंह टीटू ओंकारनाथ पटेल श्री मसूद के अलावा जेबा रिजवान राजेश्वर मिश्र डॉ भानु तिवारी प्रमुख है भारतीय जनता पार्टी में जहां वर्तमान विधायक कैलाश नाथ शुक्ल के समर्थक उनके टिकट को लेकर निश्चित है तो वहीं दूसरे धड़े के लोग यह कयास लगा रहे हैं कि श्री शुक्ला को टिकट मिलना मुश्किल है तो वही अगर ऐसा होता है तो भारतीय जनता पार्टी में तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक लंबी सूची है जिसमें प्रमुख रुप से एडवोकेट मृगेंद्र उपाध्याय का नाम प्रमुख रूप से आ रहा है इसके अलावा ललिता सिंह का भी नाम पार्टी में उभर कर आ रहा हैं तो वहीं कांग्रेस पार्टी से भी प्रत्याशियों की लंबी फेहरिस्त है क्योंकि 2017 के चुनाव में जेबा रिजवान कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर और चुनाव में दूसरे नंबर पर थी पर आज परिस्थितियां बदली हुई है वर्तमान में वह समाजवादी पार्टी में जा चुकी हैं ऐसे में जो उन्हें मत मिले थे कांग्रेस पार्टी को कितनी मजबूती प्रदान करेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा पर वर्तमान समाजवादी पार्टी के बाद अगर सबसे ज्यादा प्रत्याशी है तो वह कांग्रेस पार्टी से ही है जिनमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेश पार्टी में सचिव और वर्तमान में जिला कांग्रेस के प्रभारी चंद्रशेखर मिश्र उमाशंकर मिश्र जिला किसान संगठन के अध्यक्ष उमाशंकर तिवारी और युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे दीपांकर सिंह वह जिला संगठन में उपाध्यक्ष रहे युवा नेता भुवन प्रताप सिंह का नाम प्रमुख रूप से आ रहा है इसी तरह बहुजन समाजवादी पार्टी में पूर्व प्रत्याशी रहे कृष्ण कुमार सचान जो आज हमारे बीच में नहीं है पर कुछ नए चेहरों पर पार्टी दांव लगा सकती है जिनमें मुख्य रूप से राजेंद्र वर्मा का नाम प्रमुख रूप से घर आ रहा है आ रहा है क्योंकि पूर्व सांसद श्री जहीर के बहुजन समाजवादी पार्टी आ जाने के बाद पार्टी में एक बड़ी खालीपन सा आ गया है जिसे भरना इतना आसान नहीं है क्षेत्रीय निर्दल प्रत्याशियों की तो कोई अन्य नाम महत्वपूर्ण रूप से उभर कर नहीं आ रहे हैं हां यह नाम कुछ प्रमुख पार्टियों से टिकट की दावेदारी कर रहे प्रमुख लोगों की मंशा पूरी ना होने पर जरूर निर्दल प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमा सकते हैं।

## मतदान बूथों पर समस्त मूलभूत सुविधाएं कराये उपलब्धः डीएम

### सदर तहसील सभागार में एआरओ वीडियो सीओ कानूनगो लेखपाल के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर।जिलाधिकारी विजय किरन आनंद सदर तहसील सभागार में स्वीप को और गति देने के लिए मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक मतदाता मतदान स्थल पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया बीआरसी का निरीक्षण कर बीआरसी के दायित्व को विस्तार पूर्वक मौजूद कर्मचारियों को समझाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया डीएम ने कहा कि मतदान स्थलों पर समस्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होना चाहिए दिव्यांगजनों व 80 वर्ष से अधिक मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर रैंप की व्यवस्था के साथ उनको मतदान केंद्र तक लाने की व्यवस्था सदर तहसील के अंतर्गत पिपराइच भटहट जंगल कौड़िया ब्लाक के वीडियो एआरओ क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज व चौरीचौरा व सदर तहसील अंतर्गत समस्त कानूनगो



लेखपाल तथा चुनाव से संबंधित जुड़े हुए सदर तहसील के कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया की बूथों पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं कक्षों की संख्या फर्नीचर रैम्प विद्युत पेयजल रास्ता व्यवस्था शौचालय, पीने का पानी की व्यवस्था नेटवर्क आदि की सुविधाएं जांच लें। सुरक्षा की दृष्टि से भी जानकारी जुटाएं। पूर्व के चुनाव में यदि कोई वल्नरेबुल (अरक्षत) बूथ या वह लोग जो किसी विशेष वर्ग को मताधिकार का प्रयोग करने से रोकते हों जैसे प्रकरण संज्ञान में लेकर नए सिरे से समीक्षा करें।उन्होंने पोलिंग स्टेशन तक पहुंचने की स्थिति प्रवेश और निकास द्वार चारदीवारी कमरों की संख्या, खुला स्थान मतदान दलों के आवास की सुविधा एवं शौचालय की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सेक्टर अधिकारी को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में भी दायित्वों का निर्वहन करना है।उन्हें कर्तव्यों तथा अधिकारों से भली प्रकार अवगत हो जाना चाहिए। सेक्टर अधिकारी पुलिस के मोबाइल दस्ते के साथ ही क्षेत्र का दौरा करें। यदि किसी क्षेत्र विशेष में मतदाता स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हों तो उसकी रिपोर्ट शीघ्र उच्चाधिकारियों को दें ताकि उस क्षेत्र में प्रभावी गश्त और आवश्यकता होने पर निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा सके। जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक चुनाव कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सेक्टर अधिकारी चुनाव विभाग एवं प्रशासन की आंख कान और नाक हैं। फील्ड की वस्तु स्थिति से उन्हें भली प्रकार वाकिफ रहना होगा तभी वे प्रशासन को भी सही जानकारी दे सकेंगे। यदि किसी क्षेत्र विशेष में ऐसे व्यक्तियों की जानकारी मिलें जिनसे चुनाव में शांतिभंग होने की आशंका हो, तो ऐसे संदेहास्पद व्यक्तियों के बारे में भी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी अथवा उप निर्वाचन अधिकारी एवं प्रशासन को जानकारी दे बैठक से पूर्व जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बीआरसी का निरीक्षण कर चल रहे मतदाता कार्यों की समीक्षा करते हुये बीआरसी कर्मचारियों को बताया कि बीआरसी चुनाव का अभिन्न महत्वपूर्ण अंग है बीआरसी के बेगैर चुनाव सकुशल संपन्न कराना नामुमकिन है इसलिए बीआरसी के कर्मचारी अपने दायित्वों का कर्तव्य पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुये चुनाव को संपन्न कराने में अपना योगदान देकर अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में डीएम विजय किरन आनंद सीडीओ इंद्रजीत सिंह तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी एसीएम रोहित मौर्या नायब तहसीलदार पिपराइच वशिष्ट वर्मा नायब तहसीलदार सदर विकास कुमार क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा अखिलानंद उपाध्याय वीडियो जंगल कौड़िया भटहट पिपराइच सदर तहसील के समस्त कानूनगो व लेखपाल तथा चुनाव से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।

## इंडियन ऑयल ने हर्षोल्लास से मनाया ग्राहक दिवस उत्सव

**लखनऊ।** रविवार को इंडियन ऑयल ने गोमतीनगर स्थित पेट्रोल पम्प पर ग्राहक दिवस उत्सव का आगाज किया। इंडियन ऑयल प्रति वर्ष 9 जनवरी को पूरे देश में ग्राहक दिवस उत्सव मनाता है। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय–1 डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य ने केक काटकर उत्सव का शुभारम्भ किया। डॉ. उत्तीय ने कहा कि इंडियन ऑयल अपने ग्राहकों को सदैव बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तम सेवा, स्वच्छ ईंधन तथा प्योर और पूरा दोनों ही वर्ष 2022 में इंडियन ऑइल की प्राथमिकथा रहेंगे। ग्राहक सेवा सर्वोपरि एवं पर्यावरण संरक्षण की और हम सदैव समर्पित है। इस अवसर पर उन्होंने पम्प पर ग्राहकों से वार्ता कर उनका अनुभव भी जाना तथा उन्हे प्लांट एवं कोविड–किट से सम्मानित भी किया। समारोह में स्रुबत कर मुख्य महाप्रबंधक रीटेल सेल्स, रजत कौशल महाप्रबंधक रीटेल सेल्स, मनीष अग्रवाल डिवीजन रिटेल हेड, वरिष्ठङ्घ प्रबंधक उपंश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम के ताबड़तोड़ निरीक्षणों का दिखा असर

**लखनऊ।** उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार के लगातार निरीक्षणों से बीकेटी विकासखंड क्षेत्र में स्थापित पशु आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशीय पशुओं के रहने की व्यवस्था एवं उनके खानपान की व्यवस्था काफी हद तक सुधर चुकी है।उपजिलाधिकारी द्वारा पशु आश्रय केन्द्रों के किये गए निरीक्षणों की हकीकत जानने के लिए रविवार को तरुणमित्र की टीम जब पशु आश्रय केन्द्र अल्दमपुर, इंदारा ,ढिलवासी, सहादत नगर गढ़ा का जायजा लेने के लिए पशु आश्रय स्थल पर पहुँची, तो वहां पर पशुओं के अलाव जलते मिले, इतना ही नहीं पशु भूसे में मिला हुआ हरा चारा खाते मिले।बताते चले कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया समेत भारत के तमाम हिस्सों में लोग जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो ऐसे समय में भी अल्दमपुर व इंदारा पशु आश्रय स्थल पर ग्राम पंचायत द्वारा यहाँ रखे गए पशुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।पशु आश्रय केन्द्र संचालक द्वारा न सिर्फ चारे पानी की बेहतर व्यवस्था की गई है, बल्कि समय समय पर पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं के चेकअप की भी पूरी व्यवस्था है।और इस भयंकर ठण्ड में उनको ठण्ड से बचाने के लिए टीन शेड के चारों तरफ तिरपाल लगाया गया है, कि पशुओं को ठंडी हवा न लगे।अल्दमपुर व इंदारा गांव में स्थित पशु आश्रय स्थल का रखरखाव ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है।

## पारा में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। 49 दिन पूर्व अपने पिता के घर से दुल्हन के जोड़े में रुखसत होकर अपनी ससुराल आई 28 वर्षीय नवविवाहिता 49वे दिन अपनी ससुराल से लाश के रूप में घर से निकाली गई और सुसराली जनों के द्वारा अस्पताल पहुचाई गई। मृतिका के पति और सुसरालीजनो के द्वारा अत्यधिक दहेज की मांग पूरी न किए जाने के चलते नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। मृतिका के पिता की तहरीर पर पारा थाने में दहेज लोभी पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। दहेज हत्या आरोपी पति को पारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है 6 अन्य की गिरफ्तारी अभी नही हुई है।

## बिजनौर पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोप में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में थाने पर पुलिस ने गाली–गलौज मारपीट धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक मोहम्मद मजिब फारूकी कर रहे थे। जांच के दौरान उप निरीक्षक ने मुकदमे के नामजद अभियुक्त महेंद्र सिंह उर्फ छोटा पुत्र सूर्य बक्स सिंह निवासी परवर पश्चिम गांव को मुखबिर की सूचना के आधार पर कमलापुर तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जुआ खेलते समय दो अभियुक्त गिरफ्तार

लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र से पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान शीतल पुरवा के पास जुआ खेलते समय दो अभियुक्तों के गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना नाम पंकज पुत्र बाबूलाल और शेरा पुत्र स्वर्गीय माधवराम निवासीगण शीतल पुरवा इटौंजा बताया है। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस टीम ने ध्1220 बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

## जनता ने सपा को मान लिया है विकल्पः अखिलेश

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ने सपा को भाजपा का विकल्प मान लिया है। जनता इस बार भाजपा का सफ ाया करके सपा की सरकार लाएगी। उत्तर प्रदेश में ओवैसी के चुनाव लडने और उनकी सपा से नाराजगी के सवाल पर श्री यादव ने कहा कि यूपी की जनता एक बार पुनरू सपा की सरकार बनाने जा रही है, यही उनकी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सपा की जब भी सरकार बनी है मुसलमान भाइयों के लिए जितना हो सकता था उतना कार्य किया गया। आने वाले समय में उनके साथ कोई भी भेदभाव या अन्याय नहीं होगा।

## शिखर के पुस्तक ,काशी के चौरासी का प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने किया विमोचन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/वाराणसी। एनटीपीसी के सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिशखरश् के पुस्तक काशी के चौरासी उर्फ शिखर बनारस के घाट का विमोचन संकटमोचन मंदिर के प्रतिष्ठित महंत एवं आईआईटी बीएचयू के प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र के कर कमलों द्वारा रविवार को आयोजित एक समारोह में किया गया।कवि, लेखक एवं साहित्यकार के रूप में ख्यातिलब्ध रचनाकार ने काशी के सभी घाटों का सचित्र वर्णन अपनी पुस्तक ष्काशी के चौरासीष् में क्रमवार संजोया है। बताते चलें कि पुस्तक के रचनाकार शिशखरश् की इसके पूर्व आधे दर्जन काव्य और कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुकी हैं । आज विमोचित हुई इस पुस्तक में काशी के सभी घाटों को चित्रित कर अलग स्वरूप दिया गया है। यह लिखने में तनिक भी गुरेज नहीं की यह पुस्तक देश–विदेश से आने वाले भक्तों एवं पर्यटकों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगी। साहित्य शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की साहित्यिक तपस्थली तुलसी घाट पर आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफेसर मिश्र जी ने इस पुस्तक को तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने इसे और भी अधिक विस्तृत रुप में प्रकाशित करने तथा अंग्रेजी एवं दक्षिण भारत के अन्य भाषाओं में भी प्रकाशित करने का सुझाव दिया। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी इच्छा जाहिर की कि साहित्यकारों की एक टीम बनाकर काशी के साहित्यिक विकास के लिए विशेष कार्य करें।वहीं विमोचन के पूर्व पुस्तक के रचनाकार शिशखरश् जी ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर मिश्र का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम् से अभिनन्दन किया।गौरतलब हो कि डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिशखरश् द्वारा रचित उक्त पुस्तक का प्रकाशन नोएडा के अंकुर प्रकाशन द्वारा किया गया है। विमोचन समारोह की अध्यक्षता दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई के पूर्व कुलपति प्रो. राम मोहन पाठक ने की। विमोचन समारोह के प्रो.दया शंकर त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार एवं सोन साहित्य संगम के निदेशक मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पूर्व शिक्षक एवं किशोर न्याय बोर्ड सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी, सोन साहित्य संगम सोनभद्र के संयोजक यूपी बार काउंसिल के अनुशासन समिति के सदस्य राकेश शरण मिश्र, मिर्जापुर से आनंद श्अमितश, डॉ.आनंद कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप उपाध्याय, रुपेश नागवंशी, हिमांशु मिश्र एवं अशोक पाण्डेय जैसे साहित्य मनीषी साक्षी रहे। पुस्तक के रचनाकार शिखर जी की ओर से उपरोक्त प्रबुद्ध जनों का भी अंगवस्त्रम से अभिनंदन किया गया। सभी वक्ताओं ने पुस्तक की उपादेयता पर प्रकाश डाला।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. राममोहन पाठक ने काशी के अन्य विषयों पर पुस्तक लिखने का सुझाव दिया। संचालन सोनभद्र से पधारे साहित्यकार राकेश शरण मिश्र ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव ने किया।



## महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमाओं के संरक्षण का काम करते रहेंगे सुशील

**अनूप जी प्रधान**

**लखनऊ।**खराब मौसम के चलते भी तीसरे चरण के दौर में भी शहीद मेजर प्रतीक मिश्रा की प्रतिमा की धुलाई व सफाई करके माल्यार्पण किया गया। रविवार को इंदिरानगर आवासीय महासमिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तीसरे चरण में इंदिरानगर वार्ड के शहीद मेजर प्रतीक मिश्रा की प्रतिमा की धुलाई व सफाई समाजसेवियों ने की और माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर महासमिति के महासचिव सुशील ने बताया कि इस पुण्य कार्य में नगर निगम की स्वछता टीम के साथ मुख्य सफाई निरीक्षक आशीष बाजपेई तथा डॉ राकेश वर्मा ने पार्क की सफाई तथा चूने का छिड़काव कराया। इस अभियान में देवी शरण त्रिपाठी, नितिन सिंह पटेल, प्रतिमा मिश्रा ,पीके जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट, लवकुश तिवारी, एडवोकेट ज्ञानेंद्र कुमार, आनंद कुमार मौर्या, महेश बाल्मीकि आदि क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए। अंत में महासमिति के महासचिव सुशील कुमार ने कहा कि इंदिरानगर परिक्षेत्र के सभी वार्डों में स्थापित महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमाओं के संरक्षण का काम चलता रहेगा।

## सोनभद्र के प्रगतिशील किसान बाबूलाल मौर्य हुए सम्मानित



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोनभद्र जनपद के प्रगतिशील कृषक के रूप में विख्यात जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज के पास मानपुर गांव के निवासी बाबूलाल मौर्य को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य स्तरीय कृषक मेला सिराथू मीठेपुर सराया कौशाम्बी मे औद्यानिक फसलों में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक द्वारा तैयार खेतीबाड़ी संबंधित चार्ट का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि–" देश के लोगों का पेट भरने वाला किसान विपरीत परिस्थिति में खेती– किसानी कर अनाज पैदा करता है, खेती एक पुण्य कार्य है। सोनभद्र जैसे पिछड़े जनपद में निवास करने वाले बाबूलाल मौर्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए उत्कृष्ट खेती का कार्य कर रहे हैं जो हमारे लिए गौरव की बात है और अन्य किसानों को इनसे प्रेरणा लेकर खेती–बारी जैसे परंपरागत कार्य को समृद्ध करना चाहिए।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## आचार संहिता लागू होते ही हटाए जाने लगे होर्डिंग, पोस्टर व बैनर

बीकेटी,लखनऊ। उत्तर प्रदेश में शनिवार को चुनाव आयोग की ओर से जैसे ही चुनावी तिथियों का ऐलान किया गया वैसे ही जिला प्रशासन भी एक्शन में आ गया।आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए प्रशासनिक टीमें निकल पड़ीं।एसडीएम बीकेटी सिद्धार्थ कुमार,सीओ नवीना शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक बीकेटी अरविंद कुमार राणा व नगर पंचायत की टीम ने बीकेटी में कई जगह लगीं होर्डिंग और पोस्टर को हटाना शुरू कर दिया।बीकेटी तहसील के एसडीएम सिद्धार्थ कुमार आचार संहिता लागू होते ही फोर्स के साथ निकल पड़े और होर्डिंग व पोस्टर हटवाने शुरू कर दिए। उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में चुनाव होंगे, 10 मार्च को नतीजे आएंगे। शनिवार को दोपहर बाद जैसे ही आचार संहिता लागू होने की खबर प्रसारित हुई, वैसे ही अधिकारियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। आयोग द्वारा तय समय सीमा में तैनाती वाले अफसर तो तबादला न होने को लेकर बेफ्रिक दिखे, लेकिन जिन अफसरों के कार्यकाल आयोग के तय मानक से अधिक हो गए हैं, वे तबादले को लेकर परेशान रहे।एडीएम बीकेटी के कार्यालय में एसडीएम सिद्धार्थ कुमार ने सीओ बीकेटी नवीना शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक बीकेटी अरविंद कुमार राणा, एसओ इटौंजा सुभाष चंद्र व तीनों नगर पंचायतों के ईओ के साथ बैठक कर बैनर– पोस्टर हटवाए जाने की रणनीति तय की। वहीं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदेश कुमार ने एएसपी डॉ हृदयेश कुमार कठेरिया को निर्देशित किया है, कि सेट से सूचना प्रसारित कर दी जाए कि सभी थानाध्यक्ष अपने– अपने क्षेत्रों में लगे बैनर, पोस्टर और होर्डिग्स हटवाना सुनिश्चित कराएं।

# डीबीटी कार्य में अड़चनों पर शिक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही का विरोध

सीतापुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा डीबीटी कार्य में आ रही अड़चनों पर शिक्षकों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाहियों का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक द्विसक्षक संघ ने विरोध किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को लिखे पत्र में जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता एवं जिलामन्त्री खुश्तर रहमान खाँ ने कहा है कि वर्तमान में डीबीटी के माध्यम से छात्र.छात्राओं को उनके अभिभावकों के खाते में धनराशि हस्तांतरित करने की कार्यवाही विभाग द्वारा अमल में लाई जा रही है। इस सन्दर्भ में शिक्षकों द्वारा संसाधन विहीन रहते हुए स्वंय के मोबाइल एवं डेटा का प्रयोग कर विभाग के दिशा. निर्देशानुसार छात्र.छात्राओं व उनके अभिभवकों का डेटा डीबीटी एप्प पर काफी पहले ही सत्यापित किया जा चुका है। परन्तु विभागीय स्तर पर बनाये गए एप्प में कतिपय खामियाँ रहने के कारण अबतक सभी छात्र.छात्राओं को धनराशि का सम्पूर्ण अंतरण किया जाना सम्भव नहीं हुआ है। शिक्षक नेता सुरेन्द्र गुप्ता एवं खुश्तर रहमान खाँ का कहना है कि डीबीटी कार्य में आ रही समस्यों सीधे तौर पर शिक्षकों से सम्बन्धित न होकर बैंक, आधार केन्द्र और अभिभावकों से सम्बन्धित है और उन्हीं के स्तर पर अन्तिम रूप से निस्तारित होने हैं। शिक्षक नेताद्वे ने बीएसए से मांग की है कि डीबीटी अन्तर्गत जिन कार्य बिन्दुओं का सम्बन्ध सीधे तौर पर शिक्षकों से नहीं है उसके लिये उन्हें दण्डित न किया जाय। बल्कि बैंक और आधार केन्द्रों के स्तर पर किये जाने वाले कार्य हेतु सम्बन्धित एजेंसियों को उचित माध्यम से यह आदेश पारित किये जायें कि वे अभिभावकों के खाते त्वरित गति से अभियान चलाकर अपडेट करने, आधार से मोबाइल नम्बर लिंक करने, केवाईसी की कार्यवाही पूर्ण करने की जिम्मेदारी का निर्वहन किया जाना सुनिश्चत करें। मांग पत्र की प्रति कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी, निदेशक बेसिक लखनऊ को भी भेजी गई है।

# किसान यूनियन नेताओं ने नेशनल हाईवे को किया जाम

## नेशनल हाईवे जाम होने की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीएम महोली

सीतापुर। कोतवाली महोली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेवादा गांव के निकट भारतीय किसान यूनियन के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला की अगुवाई में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने हाइवे जाम कर दिया। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर सीओ तथा कोतवाली प्रभारी किसान नेताओं से वार्ता कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। मालूम हो कि कई दिनों से किसान नेता श्यामू शुक्ला आवारा गोवंश गौशाला भेजवाए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं। पिछले कई दिनों से गोवंशों को स्कूल व सरकारी भवनों में बंद कर प्रदर्शन किया जा रहा था। शासन से वार्ता सफल न होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेवादा के निकट एकत्रित हुए। वहीं पर गोवंश को एकत्रित कर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। जिसकी सूचना पाते ही मौके पर उप जिलाधिकारी महोली, सीओ सदर ने पहुंचकर वार्ता की। तकरीबन तीन घंटे तक हाइवे जाम रहा। इस बीच वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। सीओ सदर अमन कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी पूनम भास्कर से वार्ता के बाद इस बात पर सहमति बनी। विकासखण्ड पिसावां की बारह ग्राम पंचायत व विकासखण्ड महोली की दस ग्राम पंचायतों में घूम रहे गोवंश को आज ही संरक्षित कर लिया जाएगा। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष श्यामू शुक्ला ने यह भी कहा कि अगर 10 तारीख तक सारे छुट्टा पशुओं को संरक्षित नहीं किया गया तो दोबारा हाईवे जाम किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के काफी किसान बूंदाबांदी के मौसम में भी धरना स्थल पर मौजूद रहे। वही किसान नेता श्यामू शुक्ला ने कहा यदि 10 तारीख तक शांतिपूर्ण ढंग से धरना चलता रहेगा। यदि प्रशासन अपनी बातों से मुकर जाता है तो हम सभी किसान मिलकर क्षेत्र के सारे छुट्टा जानवरों को लाकर यहीं पर स्वयं सभी लोग मिलकर गौशाला का निर्माण का जानवरों को यहीं पर बांध दिया जाएगा। उनके चारे पानी की व्यवस्था हम सभी लोग मिलकर करेंगे।

# 10 करोड़ की लागत से चहलारी बांध पर बनेगी डामर रोड

## रेउसा– सीतापुर बांध पर रेगुलेटर बन जाने से महादेवा होकर अयोध्या धाम जाना होगा सुलभ

रेउसा, सीतापुर। मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने विधायक ज्ञान तिवारी की पहल पर जनपद के बाढ़ पीडिघ्तों को एक बड़ी सौगात दी है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब जिले में बाढ़ इलाके में स्थित बाँध पर चमचमाती डामर रोड का निर्माण होगा। मालूम हो सेवता विधानसभा का अधिकांश इलाका बाढ़ से प्रभावित है। बिसवां तहसील में बाढ़ खंड सीतापुर व रामपुर मथुरा इलाके में बाढ़ खंड बाराबंकी राहत कार्यों व बाढ़ परियोजनाओं पर काम करता है। चहलारी घाट पुल से रामपुर मथुरा तक बांध का निर्माण काफी समय पहले किया गया था लेकिन इसके मध्य रेगुलेटर न बनने से चहलारी पुल से रामपुर मथुरा को आने जाने का रास्ता नहीं है। विधायक ज्ञान तिवारी काफी समय से चहलारी पुल को रामपुर मथुरा क्षेत्र से पक्की सड़क से जोडने का प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री डॉ महेंद्र सिंह से मुलाकात कर अपनी व जनहित की इस भावना से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि अगर चहलारी पुल से रामपुर मथुरा रोड के बाँध को काली सड़क से जोड़कर बँधे के एप्रोच को मजबूत कर दिया जाता है तो यह मार्ग महादेवा होते हुए अयोध्या धाम तक जा सकेगा। विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमारे यहां से अयोध्या धाम काफी श्रद्धालु जाते हैं यह बंधा मार्ग बन जाने से काफी दूरी कम हो जाएगी। श्रद्धालुओं सहित जनपद व आसपास के कई जनपदों को यह रास्ता अयोध्या धाम जाने के लिए सर्व सुलभ हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेकर विधायक की पहल पर जल शक्ति मंत्री को त्वरित कार्रवाई करने को कहा था। जल शक्ति मंत्री ने भी रामपुर मथुरा आकर स्वयं इस काम का अवलोकन किया था। उन्होंने भी इसे जन हितकारी काफी माना था जिसके बाद रामपुर मथुरा बाँध पर एप्रोच मार्ग को मजबूत करने व बाँध पर 11 किलोमीटर डामरीकरण करने को लेकर 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। इसके साथ ही मंत्री ने इस मार्ग पर रेगुलेटर बनाने के कार्य को भी प्रस्तावित किया है। रेगुलेटर बन जाने से चहलारी पुल से रामपुर मथुरा सीधा जुड़ जाएगा इस मार्ग पर पूरा संपर्क मार्ग बन जाने से महादेवा होकर अयोध्या धाम जाने का रास्ता सुगम हो जाएगा। ज्ञान तिवारी ने बताया उनके क्षेत्र में बाढ़ विभीषिका का कहर प्रति वर्ष होता है। इस वर्ष तो दो बार बाढ़ आई उनके कार्यकाल में बाढ़ के समाधान को लेकर काफी काम हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण कार्य बांध पर रेगुलेटर बनाकर डामरीकरण करने का था। जिसमें सफलता मिली है आने वाले दिनों में यह बाँध रोड आवागमन का मेन मार्ग होगा। लोग लोग इससे जहां रेउसा रामपुर मथुरा आना जाना सरल हो जाएगा। वहीं बाराबंकी महादेवा होते हुए अयोध्या धाम जाने का एक महत्वपूर्ण रास्ता हो जाएगा। विधायक ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री व जल शक्ति मंत्री का आभार जताया है। 11 करोड़ और मिलेः सेवता विधानसभा के सरयू घाघरा नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों की एक और परियोजना को मंजूरी मिली है। विधायक ज्ञान तिवारी ने बताया चहलारी बंधे के गनेशपुर तटबंध पर 11 करोड़ की बाढ़ सुरक्षा परियोजना को मंजूरी मुख्यमंत्री द्वारा दी गई है। इस परियोजना पर काम हो जाने से बाढ़ के स्थाई समाधान को लेकर उनका क्षेत्र काफी मजबूत स्थिति में आ जाएगा। विधायक ने बताया उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने बहुत सी परियोजनाओं पर काम कराया है यह तभी हो सका है। जब जिले के इतिहास में पहली बार कोई मुख्यमंत्री स्वयं बाढ़ क्षेत्र उनकी विधानसभा में आकर बाढ़ पीडिघ्तों का दर्द साझा किया था।

# एसपी ने चार क्षेत्राधिकारियों के कार्य क्षेत्र में किए बदलाव

हरदोई। जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस कप्तान राजेश द्विवेदी ने क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। पुलिस कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अब तक रहे क्षेत्राधिकारी नगर विकास जायसवाल को बघौली क्षेत्र का अधिकार दिया गया है,वहीं अभी हाल ही में निवर्तमान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडे ने सत्येंद्र कुमार सिंह को लगभग 1 सप्ताह पूर्व ही बघौली सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी थी, अब नए कप्तान ने उनके कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए बिलग्राम का क्षेत्राधिकारी बनाया है।वहीं अब तक बिलग्राम के क्षेत्राधिकारी रहे हेमंत उपाध्याय को शहर यातायात की जिम्मेदारी सौंपी है। शहर यातायात का प्रभार देखने वाली सुश्री शिल्पा कुमारी से यातायात का प्रभार कम करते हुए क्षेत्राधिकारी कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी दी गई है। गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए विनोद कुमार द्विवेदी को शहर के अहम क्षेत्र नगर का क्षेत्राधिकारी बनाया गया है।

# विधायक ने पत्रकारों को माला पहनाकर किया सम्मानित

साण्डा, सीतापुर। पत्रकार समाज के सजग प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं उन्हें सम्मान देना स्वयं का सम्मान होता है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व शुरू हुए कोरोना महामारी के आपात समय में जब आम आदमी को घरों से निकलना कठिन था। उन विषम परिस्थितियों में पत्रकार साथियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर अपने समाचार पत्र और न्यूज चौनल के माध्यम से जो शासन तक सूचनाएं पहुंचायी है वह अत्यंत सराहनीय है। उक्त उद्गार पत्रकार सम्मान समारोह के दौरान ब्लॉक सभागार सकरन में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी जान की परवाह किए बिना निस्वार्थ भाव से सरकार द्वारा जारी होने वाली हर योजनाए सूचना एवं दिशा निर्देशों को लगातार लोगों तक पहुंचाते है। सकरन के प्रधान संघ के अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी ने कहा कि जिस तरीके से विषम परिस्थितियों में पत्रकार साथियों ने हम सभी को सहयोग दिया है हम समस्त प्रधान ऐसे साथियों को हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और उनके साथ हर परिस्थिति में साथ खड़े होने का आश्वासन देते हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान संघ के उपाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने किया और संचालन अखिलेश मिश्रा के द्वारा किया गया। इस दौरान संतोष मिश्रा, विनय अवस्थी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रेम दीक्षित, नीरज श्रीवास्तव, अमित अवस्थी, राहुल मिश्रा, शिवदीन दीक्षित आदि पत्रकारों के साथ साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख मोलहे राम, भाजपा नेता जीतू सिंह व प्रधान बुद्ध सागर, सतीश मिश्रा, उपेंद्र सिंह, श्रवण कुमार गिरी, राहुल सिंह, दिनेश कुमार, जलीस अहमद, शमीम अहमद, कुलदीप तिवारी, महेश यादव, छोटेलाल, डॉक्टर सत्यनारायण मौर्य, रामगोपाल, राजेंद्र भारती, रामू भारती भारी संख्या में सकरन के प्रधान मौजूद रहे।

# फर्जी रेपर और बारकोड बदलकर कानपुर में करते थे सप्लाई,छह गिरफ्तार

कानपुर। सचेंडी पुलिस ने दोपहर हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रैक्टर की ट्रॉली पर लोड भारी मात्रा में हरियाणा निर्मित अंग्रेजी व देशी शराब समेत रेपर व बारकोड बरामद किए हैं। मौके से पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित हरियाणा से कम दामों में शराब लाकर उसके रेपर व बारकोड को बदलकर कानपुर के निर्धारित दामों पर बेंचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। कानपुर आउटर की सचेंडी पुलिस व स्वाट टीम ने .दोपहर मुखबिर की सूचना पर रायपुर बॉर्डर के पास वाहन चेकिंग के दौरान हरियाणा से ट्रैक्टर के जरिए कानपुर में शराब लेकर आ रहे फरीदाबाद के सुरूरपुर गांव निवासी चालक सोनू उर्फ सतीश को पकड़ लिया। जिसे देख ट्रैक्टर के साथ चल रहे कार सवार युवक गाड़ी बैक कर मौके से भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें भी धर दबोचा। पकड़े गए कार सवारों ने अपना नाम घाटमपुर कुष्मांडा नगर निवासी जितेंद्र साहू उर्फ जीतू,रवि शंकर अग्निहोत्री,आगरा की जैतपुर उद्धानपुरा निवासी अवनीश कुमार यादव,नारायण उर्फ सोनू व रामराज राजावत बताया। मौके से पुलिस ने 1279 क्वार्टर,144 हाफ, 50 बोतल अंग्रेजी शराब (कुल 37 पेटी) इसी के साथ 25 पेटी देसी क्वार्टर व 164 हाफ समेत कानपुर की देसी शराब की रेपर,बारकोड के साथ शराब तस्करी में प्रयुक्त ट्रैक्टर समेत दो कारों को भी बरामद किया है। आरोपितों के मुताबिक वह लोग हरियाणा से कम दामों में शराब लाकर उसके रेपर व बारकोड को बदल कर कानपुर के निर्धारित दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। साथ ही पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए वह इस कार्य को ट्रैक्टर के जरिए करते थे। सचेंडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शातिर इस काम के जरिए लाखों रुपए के राजस्व को चूना लगाते थे। पकड़े गए युवकों से पूछताछ में कुछ अन्य जानकारियां भी प्राप्त हुई है। जल्द ही जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिसवां में निकला कोरोना पॉजिटिव मरीज

सीतापुर। बिसवां कस्बे के लोगों में उस समय हड़कंप मच गया। जब कस्बे के मोहल्ला ब्राह्मणी टोला निवासी एक महिला की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। प्रशासन ने आनन फानन में महिला को होम क्वारंटाइन करवा दिया है एवं घर के अन्य सदस्यों की जांच की जा रही है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि ब्राह्मणी टोला निवासी एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। महिला को आइसोलेट कर दिया गया है। घर के अन्य सदस्यों की कोविड जांच की गयी है। एवं घर समेत मोहल्ले में सेनिटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है।

## कोतवाली संडीला व कोतवाली कछौना में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

हरदोई।जिले के थाना कोतवाली संडीला व कछौना में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा जन शिकायतों को सुनकर उनके तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गए। राजस्व विभाग व पुलिस विभाग को आपस में सामंजस्य बनाकर संयुक्त टीम के माध्यम से भूमि विवादों को सुलझाने के लिए कड़ाई से निर्देश दिए गए।

## सरहद से समाज तक संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन संपन्न

हरदोई। जिले के बावन ब्लॉक के ग्राम सभा बेहटा धीरा के सुशीला देवी पब्लिक स्कूल में सरहद से समाज तक संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों का डॉक्टर ध्रुव अग्रवाल (बाल रोग विशेषज्ञ) द्वारा चेकअप किया गया तथा आंखों का चेकअप समेत सभी उम्र के व्यक्तियों का मुफ्त चेकअप कर मुफ्त दवाई दी गई। संस्था के संस्थापक राहुल सिंह फौजी ने बताया कि हरदोई हेल्थ केयर सेंटर जेल रोड हरदोई की कुशल टीम द्वारा कैंप में राघव पांडे (क्लीनिक मैनेजर )कुलदीप यादव, पुनीत शुक्ला ,द्वारा शुगर लीवर समेत कई खून की जांच मुफ्त की गई।कैंप में लगभग 150 बच्चों की जांच कर दवाई दी गई, साथ ही महिलाओं समेत सभी पुरुषों में लगभग 250 का चेकअप हुआ। सभी को कोरोना वायरस (ओनिक्रोंन) के बचाव के बारे में जानकारी देते हुए सभी को हैंड सेनीटाइजर कराते हुए मास्क दिए गए संस्था के संस्थापक राहुल सिंह फौजी ने बताया कि समाज व देश हित के लिए यह संस्था हर समय अपना इसी प्रकार योगदान देती रहती है और आगे भी देती रहेगी।कैंप का आयोजन सुशीला देवी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजय कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। मौके पर नीलम पांडे, कौशल किशोर सिंह, रिंकी सिंह,चित्रा तिवारी, प्रियांशी तिवारी,मनीष, गिरीश कुमार,शिवम, आदि सभी लोग मौजूद रहे।

## फर्जी मामले में फंसाने का आरोप, पुलिस अधीक्षक से की फरियाद

हरदोई।सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी बिंदा पुत्र रामचंद्र ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेज कर उसे व उसके भाई को फर्जी मामले में फंसाने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को भेजे गए शिकायती पत्र में सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी बिंदा पुत्र रामचंद्र ने कहा है कि वह बाएं पैर से निःशक्त है। आरोप लगाया कि 5 जनवरी को उसके भाई शेर सिंह का हरपालपुर थाना क्षेत्र के लमकन गांव निवासी वीरपाल के साथ जमीन को लेकर कुछ कहासुनी हुई।इस मामले में वीरपाल की ओर से उसके अलावा भाई शेर सिंह व घनश्याम के विरुद्ध मारपीट व अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि वह बायें पैर से निःशक्त तथा घटना के वक्त सांडी कस्बे में मौजूद था।जबकि उसका भाई घनश्याम घटना के वक्त दिल्ली में रहकर अपना ऑटो चला रहा था। उसने मामले की निष्पक्ष जांच करा कराने की मांग की है।

# विभागीय उदासीनता के चलते जर्जर मार्ग पर चलने को मजबूर है राहगीर

पाटन, उन्नाव। मार्ग बड़े–बड़े गड्ढों मे बदल जाने से छोटे–छोटे पोखरो का रूप ले लिया है, ऐसे में वाहन तो दूर की बात है पैदल चलना दूभर हो रहा है। किसी भी समय बड़ी घटना घट सकती है। विकासखंड सुमेरपुर के अंतर्गत उन्नाव रायबरेली नेशनल मार्ग से होकर जाने वाला बिहार खीरो संपर्क मार्ग जिसकी लंबाई लगभग 10 किलोमीटर है। उक्त संपर्क मार्ग का 3 किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। जिस पर गड्ढों ने छोटे–छोटे पोखरो का रूप ले लिया है। बचे अवशेषों से यह अवश्य ज्ञात होता है कि उक्त मार्ग कभी डामर युक्त मार्ग रहा है। आज स्थिति यह है कि उक्त मार्ग पर वाहन की कौन कहे लोगों का पैदल चलना दूभर हो रहा है। इसी मार्ग से प्रतिदिन सीमावर्ती गांव ठाकुरपुर, बाबू खेड़ा, हुलासी खेड़ा, जालिमगंज, पोखरी सहित दर्जनों गांव के लोगों का आना जाना है। स्कूली छात्र छात्राओं का भी बिहार के त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज, गिरजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज बिहार के लिए प्रतिदिन साइकिल से आना जाना होता है। छात्रों से भरी बसों का भी आना जाना बना रहता है किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जब कि विधानसभा अध्यक्ष की ओर से उक्त मार्ग के डामरीकरण के लिए धन स्वीकृत करा दिया गया है ऐसी सूत्रों से जानकारी है किंतु इसके बावजूद उदासीनता के चलते अब तक मार्ग का निर्माण नहीं हो सका है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने अभिलंब मार्ग निर्माण की गुहार शासन प्रशासन से की है।

## अवैध कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

उन्नाव। आबकारी विभाग द्वारा लगातार विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में टीम ने थाना असोहा के संयुक्त प्रयास से कार्यवाही की। इस दौरान बडी संख्या में अवैध कच्ची शराब व अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह के कुशल निर्देशन में पुरवा असोहा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दबिश दी गई। इस दौरान लगभग 100 लीटर कच्ची शराब बरामदगी की गई। मौके पर 300 किलो लहन भी नष्ट किया गया। दबिशके दौरान कल्लू पुत्र रामलाल व उसकी पत्नी कलावती निवासी सोहो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आबकारी निरीक्षक पुरवा राजेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# 20 से होगी बीए, बीएससी व बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी 2022 से प्रारंभ होकर 12 फरवरी 2022 तक चलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। यह परीक्षा दो पालियों में विभिन्न केंद्रों पर होगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 20 जनवरी से प्रारंभ होकर 12 फरवरी तक चलेगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा 1:30 बजे से 4:30 बजे तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, भूगोलध्पर्यावरण विज्ञान, मनोविज्ञान, संगीत (वोकल), चित्रकला, समाजशास्त्रध्समाज कार्य, शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर साइंसध्ऑफिशियल मैनेजमेंट एंड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस, गृह विज्ञान, सैन्य विज्ञान, सिंधीध्जैनोलॉजी, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्रध्लोक प्रशासन, प्राचीन इतिहास ध्इतिहास (मध्यकालीन) एवं को–कोरीकुलर खाद्य पोषण एवं स्वच्छता की परीक्षा होगी तथा द्वितीय पाली में भौतिकी विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, गणित, जैव रसायन विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी (केवल मेजर) सूक्ष्म जीव विज्ञान, सीड टेक्नोलॉजी, विधि (केवल माइनर), भूगर्भ विज्ञान, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी( केवल माइनर), दर्शनशास्त्र, सांख्यिकी (केवल माइनर) एवं वाणिज्य प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ की परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम से आवासीय परिसर एवं संबद्ध महाविद्यालयों को अवगत कराने के साथ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। दूसरी ओर कुलपति के निर्देश पर छात्रहित को देखते हुए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि विस्तारित कर दी गई हैं। अभ्यर्थी 10 जनवरी तक परीक्षा आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को संसोधित करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सत्यापित करने की तिथि 11 जनवरी निर्धारित की गई है।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# चादर खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, होगा सही चयन



घर की सजावट के लिए लोग कई तरह की चीजें खरीदना पसंद करते हैं, उन्हीं में से एक है चादर। आजकल बाजार में कई तरह के फैब्रिक, रंग, डिजाइन और पैटर्न में चादर उपलब्ध हैं और ऐसे में किस तरह की चादर का चयन किया जाए, इसका चयन करना थोड़ा उलझन भरा है। आइए जानते हैं कि चादर खरीदते समय आपको किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि आप अपने बेड के लिए सही चादर खरीद सकें।

फैब्रिक होना चाहिए सही

चादर की खरीदारी करते समय उनके फैब्रिक पर ध्यान देना बेहद जरूरी है क्योंकि इसका फैब्रिक उनकी शेल्फ लाइफ ही नहीं बल्कि लुक पर भी प्रभाव डालता है। अगर आप चादर के जरिए अपने बेडरूम को खास अवसरों पर अलग लुक देना चाहते हैं तो ऐसे में साटन, जेकक्वार्ड और वेलवेट का विकल्प चुन सकते हैं। वहीं, अगर आप एक लॉन्ग लास्टिंग चादर की तलाश में हैं तो ऐसे में सिल्क, पॉलिएस्टर और कॉटन विकल्प बेहतर होगा।

माप पर दें खास ध्यान

जब भी आप चादर खरीदने जाए तो उसके माप पर खास ध्यान दें। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास किंग साइज का बेड है या क्वीन साइज का बेड है, आपके लिए चादर खरीदने से पहले गद्दे की लंबाई और चौड़ाई पर ध्यान देना जरूरी है। खासकर, अगर आपने अपने बेड के लिए गद्दे को कस्टमाइज करवाया हुआ है तो यह जरूरी है कि आप उसके माप और आकार पर अतिरिक्त ध्यान दें।

रंग और प्रिंट्स पर दें ध्यान

चादर के रंग की बात करें तो इनका रंग आदर्श रूप से बाकी सामान के हिसाब से होना चाहिए। आप ऐसी चादर चुन सकते हैं, जिनका रंग कमरे की सजावट से मिलता हो या फिर जिनका रंग सामानों के रंग के बिल्कुल विपरीत हो। बेहतर होगा कि चादर का रंग ऐसा हो, जो आपकी बेड के रंग से मेल खाता हो। इसके अतिरिक्त, अपने बेड की चादर के लिए प्रिंट्स को भी समझदारी से चुनें।

रिटर्न पॉलिसी है जरूरी

अगर आपको ऑनलाइन कोई चादर बेहद पसंद आ रही है तो यह जरूरी है कि उसकी रिटर्न पॉलिसी हो। दरअसल, कई बार लोग ऑनलाइन चादर खरीद तो लेते हैं, लेकिन जब वह उनके हाथ में आती है तो उन्हें यह महसूस होता है कि यह वैसी नहीं है, जैसी कि उन्होंने सोचा था। ऐसे में अगर किसी चादर पर नो रिटर्न पॉलिसी होगी तो आपके पैसे यूं ही बर्बाद हो जाएंगे।

## पूजा हेगड ने रेड स्पोर्ट्स ब्रा में वर्कआउट करते वीडियों किया शेयर

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे फिट एक्ट्रेस में से एक हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस का नमूना भी फैंस संग शेयर करती रहती हैं. भले ही पूजा हेगड़े एक साउथ



एक्ट्रेस हैं और हिंदी फिल्मों में कम ही नजर आती हैं मगर हिंदी ऑडियंस के बीच भी एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग है. हाल ही में पूजा हेगड़े ने वर्कआउट करते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है. वीडियो में उनका बोल्ड लुक नजर आ रहा है.

शेयर किए गए वीडियो में एक्ट्रेस के साथ फिटनेस ट्रेनर भी नजर आ रहे हैं. वे पूजा को एक्सरसाइज के स्टेप्स सिखा रहे हैं और पूजा उन्हें फॉलो करती नजर आ रही हैं. पूजा ने रेड कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और बॉडी फिटिंग पैंट्स पहनी हुई है.वे एक्सरसाइज करने को लेकर बेहद डेडिकेटेड नजर आ रही हैं. वीडियो को कुछ ही घंटों में 4 लाख लोग लाइक कर चुके हैं.

वर्क फ्रंट की बात करें तो पूजा हेगड़े इस समय राधे श्याम फिल्म को लेकर चर्चा में हैं जिसमें वे साउथ सुपरस्टार प्रभास संग नजर आएंगी. इसके अलावा वे मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म आचार्य, ब्लैक कॉमेडी फिल्म बीस्ट और रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में नजर आएंगी. फिल्म में रणवीर सिंह का डबल रोल होगा.





## रणवीर अभिनीत सर्कस की रिलीज डेट नहीं हुई घोषित



रणवीर सिंह आने वाले दिनों में फिल्म सर्कस में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन रोहित शेट्टी कर रहे हैं। हाल में खबर आई थी कि यह फिल्म इस साल 15 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब रणवीर के प्रशंसकों के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। खुद रोहित ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उन्होंने अपनी फिल्म सर्कस की रिलीज डेट घोषित नहीं की है। रोहित ने बताया कि उन्होंने अभी तक सर्कस की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है। फिल्ममेकर रोहित ने कहा, हमने सर्कस की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि हम 15 जुलाई, 2022 को फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। हम अभी भी रिलीज डेट पर विचार कर रहे हैं और सही तारीख मिलने पर जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। रोहित ने आगे बताया कि वह किसी भी तारीख को सर्कस की रिलीज डेट की घोषणा कर सकते थे, क्योंकि उन्हें पहले से पता था कि थिएटर खुलने वाले हैं। उनका मानना है कि उन्होंने छह–सात महीनों के लिए अन्य निर्माताओं को मौका दिया है। यह फिल्म बनकर तैयार है और इसी महीने की शुरुआत में इसका आखिरी शेड्यूल पूरा किया गया था। उनका कहना है कि बहुत अधिक फिल्मों के बीच ओवरलैपिंग अच्छी बात नहीं है। रोहित ने बताया कि आरआरआर, रनवे 34 और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी फिल्मों से पहले वह सर्कस को सिनेमाघरों में नहीं उतारेंगे। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से जुलाई–अगस्त से पहले फिल्म को लेकर नहीं आऊंगा, ताकि अन्य निर्माताओं को कम–से–कम छह महीने का समय मिल सके। हाल ही में समीक्षक तरण आदर्श ने इस फिल्म की रिलीज डेट साझा की थी। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर रिलीज डेट के बारे में बताया था। सिम्बा और सूर्यवंशी के बाद रोहित और रणवीर तीसरी बार सर्कस में साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े और वरुण शर्मा भी नजर आएंगे। कोरोना महामारी के कारण कई बार सर्कस की शूटिंग रोकनी पड़ी थी। सर्कस को रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले टी–सीरीज के सहयोग से निर्मित किया जाएगा। फिल्म में रणवीर और वरुण डबल रोल में दिखेंगे। फिल्म के एक गाने में दीपिका पादुकोण मीनाम्मा की भूमिका में दिखेंगी। यह फिल्म विलियम शेक्सपियर के नाटक द कॉमेडी ऑफ एरर्स का रूपांतरण होगा। फिल्म में दो जुड़वा मालिक और दो जुड़वा नौकरों की कहानी को दिखाया जाएगा, जो बचपन में एक–दूसरे से बिछड़ जाते हैं। इसके बाद जब बड़े होकर आपस में मिलते हैं, तो उनकी केमिस्ट्री शानदार होती है। इस फिल्म में जैकलीन और पूजा के अलावा जॉनी लीवर भी अभिनय करते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल नवंबर में शुरू की गई थी।

## टेलीविजन डेब्यू को लेकर जिमी शेरगिल ने की बात

अभिनेता जिमी शेरगिल ने अपने टेलीविजन डेब्यू के बारे में चल रही खबरों के बारे में बात करते हुए कहा कि अभी कुछ भी बताना जल्दबाजी होगी क्योंकि उनकी ओर से कुछ भी फाइनल नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उड़ारियां के निर्माता, सरगुन मेहता और रवि दुबे एक नए शो के साथ आने के लिए तैयार हैं, जिसका शीर्षक स्वर्ण मंदिर है, जो एक पारिवारिक ड्रामा है। यह एक ऐसे जोड़े के बारे में है, जिन्हें उनके बच्चों ने बुढ़ापे में अकेला छोड़ दिया है। निर्माताओं ने मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाने–माने अभिनेता अमन वर्मा और बाद में जिमी से शो के लिए संपर्क किया है। लेकिन जिमी ने कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है और न ही अमन ने शो के लिए हां कहा है। जिमी ने बताया कि सरगुन और रवि ने सिर्फ आइडिया सुनाया है। उन्होंने कहा कि मैंने कई साल पहले सरगुन के साथ एक पंजाबी फिल्म जिंदुआ की है, इसलिए मैं उन दोनों को काफी लंबे समय से जानता हूं। उन्होंने मुझे एक आइडिया सुनाया लेकिन उससे आगे कोई अनुबंध अभी तक साइन नहीं किया गया है। यह बहुत जल्दी है। कुछ भी कहो क्योंकि चीजें आगे नहीं बढ़ी हैं। मुझे नहीं पता कि यह खबर कैसे फैली। वास्तव में, मैं भी हैरान हूं कि बिना किसी पुष्टि के, ये खबरें इधर–उधर फैल रही हैं। टेलीविजन शो करने में अपनी रुचि के बारे में, अभिनेता कहते हैं कि मैं योर ऑनर जैसी फिल्मों और वेब शो में व्यस्त रहा हूं, इसलिए एक टेलीविजन धारावाहिक करना, वह भी अगर यह वर्षों तक जारी रहे तो संभव नहीं है। बेशक, अगर कुछ दिलचस्प होता है और थोड़े समय के लिए आता है, मैं इसका हिस्सा बनने के बारे में सोच सकता हूं। जिमी ने अपने करियर की शुरूआत फिल्म माचिस से की और बाद में मोहब्बतें, मेरे यार की शादी है, मुन्ना भाई एमबीबीएस जैसी फिल्में कीं और वेब शो में भी काम किया, जिनमें से एक योर ऑनर है।



## याददाश्त तेज करने में मदद कर सकते हैं ये योगासन, ऐसे करें अभ्यास



आज के दौर में कमजोर याददाश्त सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है और इसका मुख्य कारण गलत खान–पान और खराब जीवनशैली है। हालांकि, योग की मदद से न सिर्फ याददाश्त को तेज करने में मदद मिल सकती है बल्कि कई तरह के मानसिक बीमारियों के जोखिम कम करने में सहायक है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे योगासनों के अभ्यास का तरीका बताते हैं, जो याददाश्त तेज करने में काफी मदद कर सकते हैं। बकासनः बकासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं और अपनी हथेलियों को जमीन पर रख लें, फिर अपने दोनों पैरों को अंदर की तरफ खींचते हुए घुटनों को कोहनियों के पास ले जाएं। अब शरीर के भार को हथेलियों पर डालकर अपने दोनों पैरों को ऊपर उठाएं और घुटनों को कोहनी के साथ सटाएं। कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहें और फिर सामान्य स्थिति में आ जाएं।

पश्चिमोत्तानासनः पश्चिमोत्तानासन के लिए पहले योग मैट पर अपने दोनों पैरों को आपस में सटाक और आगे की ओर फैलाकर बैठ जाएं। अब दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाएं, फिर धीरे–धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और माथे को घुटनों से सटाते हुए हाथों से पैरों के अंगूठों को पकडने का प्रयास करें। कुछ सेकंड के लिए इसी अवस्था में बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें, फिर गहरी सांस लेते हुए सामान्य हो जाएं।

हलासनः हलासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं, फिर अपने हाथों को शरीर से सटाकर रखें। अब सांस लेते हुए पैरों को 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं, फिर सांस छोड़ते हुए टांगों को धीरे–धीरे सिर के ऊपर से पीछे की ओर ले जाएं। इस दौरान हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा ही रखें। इसके बाद सांस लेते हुए धीरे–धीरे वापस प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं।

कपोतासनः कपोतासन के लिए पहले योगा मैट पर घुटने के बल खड़े हो जाएं, फिर अपने हाथों को सामने की ओर से ऊपर उठाकर शरीर को वक्र का आकार देते हुए पीछे की ओर ले जाएं और अपनी हथेलियों को जमीन पर रखें। अब इसी मुद्रा में रहते हुए अपने सिर को एडियों के बीच रखें। इसके बाद अपने दोनों हाथों से पैरों की एडियों को पकड़ें। अपनी क्षमतानुसार इस मुद्रा में बने रहने के बाद धीरे–धीरे सामान्य हो जाएं।